आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 8°C |

इनसाइड न्यूज

जनगणना अधिसूचना में जाति का कॉलम नहीं, मतदाता सूची में...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 25 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 105 www.janexpresslive.com/epaper

'लोकतांत्रिक भागीदारी पर खतरा' 12

# शाह ने यूपी विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया

## यूपी दिवस: केंद्रीय गृहमंत्री और सीएम के हाथों सम्मानित हुए यूपी के गौरव, एक जनपद-एक व्यंजन योजना का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने लखनऊ में यूपी विधानसभा चुनाव- 2027 का शंखनाद कर दिया। शाह ने लोगों से कहा- सपा, बसपा और कांग्रेस जातिवादी और परिवारवादी पार्टियां हैं। ये आपका कल्याण नहीं सकतीं। 2027 में ऐसी पार्टियों को रिजेक्ट कर एक बार फिर भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। यूपी का कल्याण सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। शाह यूपी दिवस समारोह के लिए लखनऊ आए थे। उन्होंने 24-26 जनवरी तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया। हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों को दुनियाभर में पहचान दिलाने के लिए एक जनपद, एक व्यंजन योजना की शुरुआत भी की। उन्होंने 'जय श्रीराम' का जयकारा लगाकर अपने संबोधन की शुरुआत की। 'भारत माता की जय' के भी नारे लगाए। लोगों से कहा- आज यूपी दिवस है भाई, लखनऊ वालों की आवाज को क्या हो गया इसके बाद लोगों ने जोर से शाह के साथ नारे लगाए। इससे पहले, ष्टरूयोगी ने पीएम मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। डिप्टी ष्टरूकेशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने 2017 में यूपी में भाजपा की जीत का श्रेय शाह को दिया। साथ ही जनता से अपील की कि 2027 में फिर से भाजपा सरकार बनाएं। कार्यक्रम में एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला समेत 5 लोगों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शाह ने अलग-अलग जिलों के फेमस व्यंजनों के स्टॉल का निरीक्षण भी किया। शाह और योगी साथ चलते दिखाई दिए। पीछे दोनों डिप्टी ष्टरूऔर बीच में पंकज चौधरी चल रहे थे। इस बीच, शाह मथुरा के पेड़े वाला स्टॉल देखकर शाह रुक गए। फिर मुस्कुरा कर आगे बढ़ गए।







### गृह मंत्री के हाथों इन विभूतियों को मिला उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

- विंग कमांडर शुभांशु शुक्ल - अंतरिक्ष यात्रा
- अलख पांडेय - शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में
- सुश्री रश्मि आर्य - शिक्षा एवं नवाचार
- डॉ. हरिओम पंवार - साहित्य
- डॉ. सुधांशु सिंह - कृषि क्षेत्र

### इन जिलाधिकारियों का हुआ सम्मान

- डॉ. दिनेश चंद्र - डीएम जौनपुर
- रवींद्र कुमार - डीएम आजमगढ़
- अनुनय झा - डीएम हरदोई
- अनुपम शुक्ल - डीएम अंबेडकरनगर
- मृदुल चौधरी - डीएम झांसी

### 'सनातन धर्म को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया'

शाह ने कहा- प्रयागराज में महाकुंभ का विराट आयोजन किया गया। हमारे सनातन धर्म को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया गया। अब उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में भी 11% विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। यूपी में डेटा सेंटर सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां लग रही हैं। 2017 के पहले कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर भी बनेगा।

### 'प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए भाजपा को जिताएं'

शाह ने कहा- जनता ने 2014, 2017, 2019, 2022 से 2024 में भाजपा का कमल खिलाया। 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है। मैं यहां के लोगों से अपील करने आया हूं कि प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाएं।

### यूपी के विश्व प्रसिद्ध स्वादिष्ट व्यंजन पूरी दुनिया को मिलेंगे

शाह ने सीएम युवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों को सम्मानित किया। कहा कि सीएम युवा योजना से युवाओं को ऋण देने की व्यवस्था है। अब तक 1.30 लाख युवाओं को करोड़ों का ऋण दिया गया। विधानसभा चुनाव की बात करते हुए कहा कि मैं 2017 को याद करूंगा। यूपी का घोषणा पत्र बना रहा था। इसमें ओडीओपी को शामिल किया। डबल इंजन सरकार का काम यूपी ही नहीं पूरे देश में फैल गया है। रोजगार का साधन बना है। आज यहां ओडीओपी का मेला लगा है। विश्व प्रसिद्ध स्वादिष्ट व्यंजन पूरी दुनिया को मिलेगा।

### यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा

इस मौके पर गृहमंत्री ने शुभांशु शुक्ला, अलख पांडेय, सुधांशु सिंह, रश्मि आर्य को सम्मानित किया। कहा कि आज हरिओम पंवार को भी सम्मानित करने का मौका मिला है। इनको लंबे समय से सुनता आया हूं। सरदार पटेल योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह 10 खराब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में काफी उपयोगी होगी। अलग-अलग चरण में इसका काम होगा। यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा। देशभर में जाने वाले को यूपी में रोजगार की व्यवस्था होगी। अपने माता-पिता की सेवा करें।

### 15 लाख करोड़ की योजना जमीन पर उतरी

शाह ने आगे कहा पीएम के नेतृत्व में सीएम योगी ने योजनाओं को जमीन पर उतारा। कांग्रेस, सपा, बसपा ने बीमारू राज्य को ब्रेक थ्रू राज्य बनाया है। कृषि विकास दर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी फूड बास्केट बना है। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनाने का काम हुआ। महाकुंभ का आयोजन, सनातन धर्म की ख्याति को पहुंचाया। इलेक्ट्रानिक निर्यात कर रहा है। कोई 2017 के पहले कल्पना नहीं कर सकता था। आज ग्रीन डेस्टिनेशन बन गया है। 15 लाख करोड़ की योजना जमीन पर उतारने का काम किया है। डकैती, लूट में कमी आई। देश की सीमा को भी सुरक्षित किया है। यूपी विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ा है। देशभक्ति की लौ जागृत हो चुकी है।

### परिवारवादी पार्टियां यूपी का कल्याण नहीं कर सकतीं

अगला साल चुनाव का साल है। यूपी के विकास के लिए प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। परिवारवादी पार्टियां यूपी का कल्याण नहीं कर सकती हैं। भाजपा ही कर सकती है। मोदी, योगी ने विकास का सर्वश्रेष्ठ दिया है। डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेववे, हाईवे दिए। भ्रष्टाचार समाप्त किया। गरीब के लिए योजनाएं आईं। 20 घंटे बिजली दे रहे हैं। आने वाले चुनाव में हर मतदाता जाति-पंथ से ऊपर उठकर भाजपा का कमल खिलाए।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर उतरा संपूर्ण उत्तर प्रदेश

यूपी दिवस पर सबसे पहले वंदे मातरम् का गान हुआ। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के 'सांस्कृतिक संगम' में अतिथियों व दर्शकों ने आनंद की डुबकी लगाई। विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से हर किसी का दिल जीत लिया, दर्शकों ने भी तालियां बजाकर इन कलाकारों का उत्साहवर्धन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### प्रदर्शनियों का किया उद्घाटन

गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर तीनों महापुरुषों (श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी) की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने शिल्प मेला, ओडीओसी व्यंजन मेला व 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### योजना का किया शुभारंभ

गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मंच पर 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी शुभारंभ किया। युवाओं के लिए रोजगार व उद्योग को बढ़ावा देने वाली इस योजना पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

## मिर्जापुर धर्मांतरण: मास्टरमाइंड इमरान गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर





यूपी स्थित मिर्जापुर के जिम में दोस्ती कर धर्मान्तरण कराने के मामले में मुख्य आरोपी सरगना इमरान को दिल्ली एयरपोर्ट से इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने गिरफ्तार कर लिया है। इमरान को शुक्रवार की रात को ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसके बाद उसे दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया। दिल्ली पुलिस की सूचना पर मिर्जापुर पुलिस शनिवार की सुबह दिल्ली पहुंची। उसे रिमांड पर लेकर वापस आ रही है। पटियाला कोर्ट में पेश करने के बाद मिर्जापुर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उसे मिर्जापुर आ रही है।

### धर्मांतरण के खेल में यूपी पुलिस का सिपाही भी शामिल

इससे पहले यूपी पुलिस के सिपाही की भी इस केस में संलिप्पता सामने आ चुकी है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। ये बात जांच में सामने आई है कि आयरन फायर जिम का संचालन सिपाही इरशाद खां की ही निगरानी में होता था। जिसमें इरशाद का शागिर्द फरीद अहमद था। जिसे पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ा है।

### ह्यड्यूटी खत्म कर करने जाता था 'जिहाद' का काम

सिपाही इरशाद इस समय माधोसिंह रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में तैनात था। मूल रूप से गाजीपुर के गहमर का निवासी इरशाद खां पिछले कई वर्ष से आयरन फायर जिम का संचालन करता आ रहा है, पर कागजों पर संचालन फरीद अहमद करता था। कागजों पर जिम का मालिक होने के साथ जिम में फरीद अहमद ट्रेनर के रूप में कार्य करता था। इरशाद भी ड्यूटी खत्म करके जिम में आता था। उसका परिवार मिर्जापुर में ही रहता है। एक वर्ष पहले वह माधोपुर स्टेशन पर जीआरपी में गया है। उससे पहले वह मिर्जापुर में ही विभिन्न थानों पर न्यायालय ड्यूटी में तैनात था।

### पुलिस को पहले था शक इमरान देश छोड़कर भाग सकता है

इस मामले में मिर्जापुर पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इमरान के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया हुआ था, इसी के आधार पर इमरान की गिरफ्तारी संभव हो पाई। उसे मिर्जापुर पुलिस लेकर आ रही है, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### जिम में दोस्ती, प्यार...फिर धर्म परिवर्तन का दबाव

पुलिस ने इमरान से पहले इस मामले में आरोपी फरीद को मुठभेड़ में पहले ही खड़ंजा फाल के पास से गिरफ्तार कर चुकी है। मुठभेड़ के दौरान उसके बाएं पैर में गोली लगी थी। फरीद जिम में आने वाली लड़कियों से दोस्ती करके प्रेम जाल में फंसा कर उनका वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता था।


## भारत पहुंचीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, फ्री ट्रेड और डिफेंस डील पर लगेगी मुहर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच रहे हैं। यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है।

### सबसे बड़ी खबर: फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय नेताओं के बीच होने वाली इस शिखर वार्ता में सबसे बड़ा आकर्षण 'मुक्त व्यापार समझौता' है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से अटके इस समझौते के पूरा होने की घोषणा इस बैठक में की जा सकती है। वैश्विक संकेत यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऐसे में दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र-भारत और यूरोपीय संघ- आपसी विश्वास और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने हवाई अड्डे पर उर्सुला वॉन डेर लेन का स्वागत किया, जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक साझेदारी का 'अगला चरण' बताया।



### क्यों महत्वपूर्ण है यह डील?

यूरोपीय संघ एक ब्लॉक के रूप में भारत का सबसे बड़ा 'गुड्स ट्रेडिंग पार्टनर' (सामान का व्यापार करने वाला साझेदार) है।

- **व्यापार के आंकड़े:** वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू के बीच कुल 136 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार हुआ।
- **भारत का फायदा:** अच्छी बात यह है कि भारत ने इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।

### इसके अलावा दो और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों की उम्मीद है:

1. **रक्षा साझेदारी:** दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देंगे।
2. **नौकरी और मोबिलिटी:** भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में काम करना और आना-जाना आसान बनाने के लिए एक 'मोबिलिटी फ्रेमवर्क' तैयार किया जाएगा।

## वर्दी घोटाले में सख्त कार्रवाई: सीएम धामी ने डीआईजी के निलंबन के दिए आदेश, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति फिर हुई स्पष्ट

जन एक्सप्रेस। देहरादून



उत्तराखंड सरकार ने वर्दी खरीद घोटाले में बड़ा और सख्त कदम उठाते हुए एक उच्च अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री की खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही पूरे मामले की गहन जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। यह मामला वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड्स के लिए की गई वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है। टेंडर प्रक्रिया में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन के आरोप सामने आने के बाद यह मामला शासन के संज्ञान में आया। महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून द्वारा शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव, निर्धारित मानकों की अनदेखी और वित्तीय अनुशासन के उल्लंघन की बात स्पष्ट रूप से सामने आई है। महानिदेशक की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्वरित निर्णय लेते हुए डिप्टी कमांडेंट अमिताभ श्रीवास्तव को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने को कहा, ताकि घोटाले से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच हो सके और दोषियों की स्पष्ट पहचान की जा सके। मुख्यमंत्री धामी ने इस कार्रवाई के माध्यम से एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन' की नीति पर पूरी दृढ़ता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता, भ्रष्ट आचरण या सरकारी धन के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे अधिकारी कितना ही वरिष्ठ क्यों न हो, यदि वह भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम धामी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही या निजी लाभ के लिए नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा लगातार की जा रही ऐसी कार्रवाइयों से यह संदेश गया है कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। वर्दी घोटाले में उच्च अधिकारी के निलंबन की यह कार्रवाई न केवल प्रशासनिक सख्ती को दर्शाती है, बल्कि ईमानदार अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे, ताकि दोषियों को उनके कृत्यों की पूरी कीमत चुकानी पड़े।

## अमेरिका में भारी बर्फबारी और तूफान का खतरा एअर इंडिया ने न्यूयॉर्क-न्यूआर्क के लिए रद्द की उड़ानें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका के पूर्वी तट पर भारी बर्फबारी और गंभीर शीतकालीन तूफान का खतरा बढ़ गया है, जिससे एयरलाइन संचालन प्रभावित होने की संभावना है। इस बीच, एअर इंडिया ने सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और न्यूआर्क के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। बता दें कि एयरलाइन दिल्ली और मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए प्रतिदिन उड़ानें चलाती है। वहीं दिल्ली से न्यूआर्क की भी रोजाना उड़ानें हैं, जबकि मुंबई से न्यूआर्क की उड़ानें सप्ताह में कुछ ही दिनों में संचालित होती हैं। ऐसे में एअर इंडिया का कहना है कि हम अपने यात्रियों और क्रू की सुरक्षा, भलाई और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और न्यूआर्क के लिए सभी उड़ानें रद्द कर रहे हैं। प्लेन रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को एअर इंडिया से वैकल्पिक उड़ानें या रिफंड की सुविधा दी जाएगी।

## अपर्णा की चेतावनी, मेरे खिलाफ साजिश का करूंगी पर्दाफाश, प्रतीक ने भी की टिप्पणी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इंस्टाग्राम पोस्ट में पत्नी अपर्णा यादव से तलाक संबंधी पोस्ट पर प्रतीक यादव अब तक खामोश हैं। हालांकि, एक टीवी चैनल से उन्होंने पारिवारिक मामला बताकर कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। उधर, अपर्णा यादव (महिला आयोग की उपाध्यक्ष) ने कहा कि रिश्ता तोड़ने की साजिश रची जा रही है। उनकी पहचान कर ली गई है। जल्द इसका खुलासा करेंगे। बता दें कि इंस्टाग्राम अकाउंट पर 19 जनवरी को पोस्ट कर अपर्णा से तलाक लेने की बात लिखी गई थी। इसी दिन कई स्टेटस भी लगाए गए। अब एक टीवी चैनल से प्रतीक ने कहा है कि ये उनका पारिवारिक मामला है। लिहाजा, वह इस पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। दूसरी तरफ अपर्णा ने भी एक न्यूज चैनल से दो दिन पहले कहा कि सामाजिक व राजनीतिक सक्रियता की वजह से उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। इससे वह डरने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई दबाव में नहीं आता तो उसको बदनाम करने की साजिश की जाती है। शुक्रवार को इस मामले में उनसे बात करने का प्रयास किया गया तो उनकी पीए ने बताया कि अपर्णा उत्तराखंड में प्रवास पर हैं। फिलहाल वह इस बारे में कोई बात नहीं करना चाहतीं।

## पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

### कहा, युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास, आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है। पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं। कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। रोजगार मेला मिशन मोड पर: सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।

### भारत पर दुनिया को भरोसा

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

### ऑटो इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है

2025 में टू व्हीलर की बिक्री दो करोड़ के पार पहुंच गई। आयकर और जीएसटी कम होने से लाभ हुआ। देश में बड़ी संख्या में रोजगार का अवसर पैदा हो रहा है।

### स्टार्टअप में महिलाएं भी आगे

आज 8000 से ज्यादा बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर हैं। गावों के कई रोजगार में महिलाएं हेड कर रही हैं।

### खुद को हमेशा अपग्रेड करें

आपको एक और बात याद रखनी है। तेजी से बदले टेक के इस दौर में देश की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। आपको खुद को लगातार अपग्रेड करना है। आईगॉट ऐप का उपयोग करें। इससे कई लोग खुद को ट्रेन कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 100 दिवसीय अभियान के उद्देश्यों, रणनीतियों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए बाल विवाह की रोकथाम, बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि विषयों पर संवाद किया गया।

कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह न केवल बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि उनके भविष्य और आत्मनिर्भरता में भी बाधा बनता है। समाज, परिवार और स्वास्थ्य तंत्र को मिलकर इसके उन्मूलन के लिए जिम्मेदारी निभानी होगी। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के कार्यक्रम समन्वयक आदित्य मिश्रा ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए केवल सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि इसके लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि प्रत्येक गांव, प्रत्येक परिवार तक यह संदेश पहुँचाना है कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। समिति के कार्यकर्ता कमलाशंकर शुक्ला ने बताया कि संस्था इस अभियान के माध्यम से लगातार विद्यालयों, समुदायों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के साथ मिलकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्य करती रहेगी। विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि बाल विवाह रोकना केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रश्न है। जब तक समुदाय स्वयं आगे आकर बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए खड़ा नहीं होगा, तब तक स्थायी बदलाव संभव नहीं है। ज्योतिबा राव फुले विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम दास अहिरवार ने कहा कि शिक्षा ही बाल विवाह के विरुद्ध सबसे सशक्त हथियार है। यदि प्रत्येक बालिका विद्यालय से जुड़ी रहे, तो बाल विवाह जैसी कुप्रथा स्वतः समाप्त हो सकती है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी त्रिभुवन सिंह ने बालिका सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा बाल विवाह उन्मूलन में समुदाय की भूमिका पर विशेष जोर दिया। पुष्पेन्द्र सिंह ने आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में बाल विवाह की पहचान, समय पर सूचना देने एवं समुदाय को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाए। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को बाल विवाह रोकथाम से संबंधित सूचना सामग्री वितरित कर शपथ दिलाई गई।

# राजकीय पॉलीटेक्निक में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह

जन एक्सप्रेस | बांदा




संस्था राजकीय पॉलीटेक्निक में दिनांक 24 जनवरी को सत्र 2024-25 में डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक परिश्रम के लिए सम्मानित करना एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रजत सेठ (प्रतिनिधि विधायक सदर) एवं विशिष्ट अतिथिगण राजकुमार राज (पूर्व नगर पालिका. अध्यक्ष) एवं शैलेंद्र सिंह (युवा छात्र नेता) द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य महोदय वी.वी. रमन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्र राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा उन्हें अपने ज्ञान एवं कौशल का सदुपयोग समाज और देश के हित में करना चाहिए।

इस अवसर पर सत्र 2024-25 में विभिन्न शाखाओं से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही NEP-2020 के अंतर्गत सत्र 2025-26 में डिप्लोमा प्रथम वर्ष उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। छात्र-छात्राओं में इस अवसर को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।समारोह के दौरान संस्था प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम ने किया बरगढ़ का पैदल भ्रमण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



बरगढ़ में बीते गुरुवार को हुई कपड़ा व्यापारी के बेटे की अपहरण के बाद हत्या की दुःखद घटना के बाद कस्बे में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपर पुलिस अक्षीक्षक सत्यपाल सिंह व पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

एसपी ने घटनास्थल एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर ड्यूटि पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटि करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से संवाद कर शांति बनाए रखने की अपील की तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने को कहा। इस दौरान एसपी ने कस्बे में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए प्रमुख चैराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। स्पष्ट किया कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम मऊ राम ऋषि रमन, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ शिवआसरे, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# हिंदुओं की नई पीढ़ी को संघर्ष करने के लिए रहना होगा तैयार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

शिव शक्ति अखाड़ा के महंत मधुराम शरण शिवा द्वारा शनिवार को जिला मुख्यालय में सशस्त्र सन्यासी यात्रा निकाली गई। समस्त हिंदुओं को सशस्त्र धारी बनाने के उद्देश्य से निकाली गई इस यात्रा का जनपदवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। जिला मुख्यालय में सशस्त्र सन्यासी यात्रा शंकर बाजार से ट्रैफिक चैराहा होते हुए पुरानी कोतवाली तक निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत व उत्साहवर्धन किया। यात्रा का संचालन श्याम गुप्ता एवं जवाहर सोनी द्वारा किया गया। इस यात्रा में महिलाएं अपने घर से रोजमर्रा में उपयोग होने वाली चीजो को लेकर सम्मिलित हुई। यह यात्रा अभी तक 24 जिलों के 102 स्थानों पर निकाली जा चुकी है, जो अनवरत चल रही है। यात्रा के समापन पर महंत मधुराम शरण शिवा ने हिंदुओं की आने वाली पीढ़ी को नचैया की जगह लड़इयां बनाने के लिये प्रेरित किया। योगिंदर नाथ मंडल का उदाहरण देते हुए पाकिस्तान में दलित हिंदुओं के साथ किए गए कृत्यों को बताया। कहा कि ईसाई मिशनरी भी हिंदुओं को ही लक्ष्य बनाकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास करते हैं और वर्तमान में हिंदू भी अपने बच्चों को ईसाई मिशनरी के स्कूलों में पढ़ाकर स्वयं उनको सौंप रहे हैं। कहा कि अपने बच्चों को शिवाजी महाराज जैसा लड़इयां बनाइए, डीजे में नाचने वाले नचैया मत बनाइए। प्रतिदिन लव जिहाद, हिंदू यात्राओं पर पथराव, मंदिरों की भूमि पर कब्जा व हिंदुओं को बेघर करने की खबरें आती रहती है। कहा कि जब हर हिंदू लड़इया होगा, तो हिंदुओं के त्योहारों में, यात्राओं में, कथाओं में, पूजा के दौरान पंडालों में किसी की पथराव करने की हिम्मत नहीं होगी। राजनीतिक पार्टियां अपने फायदे के लिए सदैव हिंदुओं को जातियों में बांटती आई है। उन्होंने हिंदुओं को जागरूक करते हुए शस्त्र उठाने अपने लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने को प्रेरित किया।

# करंट की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

जन एक्सप्रेस | बांदा



कोतवाली क्षेत्र के करिंगा गांव में करेंट लगने से इंटरमीडिएट की छात्रा की हुई मौत, परिवार में कोहराम मच गया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के करिंगा गांव निवासी छात्रा अर्चना देवी पुत्री बच्छराज कुशवाहा उम्र 17 वर्ष यह महर्षि विद्यापीठ इंटर कॉलेज पर इंटरमीडिएट की छात्रा थी,जो शनिवार की सुबह दरवाजे के सामने लगे विद्युत खंभे के सपोर्ट की तार को हाथों से पकड़ लिया। जिससे करेंट की चपेट पर आ गई, जैसे ही परिजनों ने देखा तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टरो ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक दो बहन एक भाई में दूसरे नंबर की थी, इस घटना को देखते हुए परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस लाइन में रैतिक परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस लाइऩ में गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम को लेकर रैतिक परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। एसपी के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए।पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। पुलिस लाइन में रैतिक परेड भी आयोजित की जायेगी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइऩ में भव्य गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन किया जायेगा। जिसकी पुलिस लाइन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को पुलिस लाइन में रैतिक परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का जायजा लेने के साथ परेड की सलामी ली गई। गौरतलब हो कि भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है।इस अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रैतिक परेड के साथ-साथ स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।एसपी पलाश बंसल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रातः 08.30 बजे से प्रारम्भ होगा तथा समयं 09.30 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराया जायेगा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर



राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर जिला जज मनोज कुमार राय के निर्देशन में प्राइमरी स्कूलों के साथ ही इस्लामियां इण्टर कालेज में बाल विवाह के खिलाफ चलाये जा जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खासतौर से मुख्य अतिथि के तौर पर सचिव जिला विधिक प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शिरकत करते हुये कहा कि बाल विवाह पर लगाम लगाने के मद्देनजर बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान और उनको रोके जाने के इंतिज़ाम के साथ ही गर्भधारण करने के पहले और प्रसव पहले निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। सचिव ने बताया कि बाल विवाह करने और कराने वाले के खिलाफ दो साल की तक की सजा के साथ ही एक लाख तक का जुर्माना किया जा सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विभा भारती ने बालिकाओं के फायदे के लिये चलायी जा रही उत्तर प्रदेश शासन की योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी दी। इस मौके पर इस्लामियॉ इण्टर कॉलेज के प्रिंसिपल सरवर खान, बाल कल्याण समिति की सर्पोट परसन हुमैरा हाशमी, स्कूल मैनेजर,टीचर, जिला विधिक प्राधिकरण आफिस क्लर्क मोहम्मद असलम सहित डाटा इन्ट्री आपरेटर कीर्ति सागर मौजूद रहे।

# राधा नाम का जप करने वाले को मिलता है उत्तम भक्ति का वरदान: महंत अमृतदास

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अखिल भारतीय रामानन्दीय खाकी अखाड़ा रामबाग तरौंहा में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ के पाँचवें दिन कथा व्यास महंत अमृतदास महराज ने भक्ति और ज्ञान के गूढ़ रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सृष्टि के कर्ता-धर्ता परमात्मा सत्य, नित्य, सनातन, स्वतंत्र, निर्विकार और प्रकृति से परे निराकार हैं, किंतु अपने भक्तों पर कृपा करने के लिए वे सदैव सगुण रूप में व्याकुल रहते हैं।

कथा व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति भाव से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करता है, वह सहज ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष- चारों पुरुषार्थों को प्राप्त कर लेता है। अमृत के पान से केवल एक व्यक्ति अजर-अमर होता है, जबकि श्रीमद्भागवत कथा रूपी अमृत संपूर्ण कुल को अजर-अमर कर देती है। कहा कि भगवान अपने सच्चे भक्त का कभी अमंगल नहीं होने देते। मीराबाई और प्रह्लाद की भक्ति इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं। भक्तवत्सल भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, जैसे भगवान का सुदर्शन चक्र भक्तों की रक्षा में संलग्न रहता है। अतः भगवान की लीलाओं का निरंतर मनन करते हुए उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। राधा नाम की महिमा बताते हुए कहा कि स्वयं श्रीकृष्ण ने राधा नाम को सर्वश्रेष्ठ माना है। राधा नाम का उच्चारण करने वाले भक्त को भगवान उत्तम भक्ति का वरदान प्रदान करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके अवतार के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि चरित्र का व्यक्ति के जीवन में अत्यंत महत्व है। महाभारत युद्ध का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पांडवों की सेना का नेतृत्व धर्म और सत्य का वरण करने वाले वीरों ने किया, जिनके साथ स्वयं श्रीकृष्ण उपस्थित रहे, जबकि अधर्मियों का अंत सुनिश्चित हुआ। अंत में शुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को कही गई कथा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कलियुग दोषों का भंडार है, किंतु इसका सबसे बड़ा गुण यह है कि भगवान श्रीकृष्ण के नाम संकीर्तन मात्र से ही मनुष्य के सभी दोष और आसक्तियाँ दूर हो जाती हैं तथा परमात्मा की प्राप्ति संभव होती है।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर को किया गया याद



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती कौंग्रेस कैंप कार्यालय में पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रावेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। इसके अलावा जनपद के देवधा व दुवारी ग्राम में मनरेगा बचाओ चैपाल का भी आयोजन किया गया। जंयती कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके द्वारा पिछड़ों व दलितों के लिए किए गए संघर्ष पर चर्चा की गई। इसके बाद रामनगर ब्लॉक में देवधा ग्राम में ब्लॉकध्यक्ष शिव शंकर खंगार की अध्यक्षता में मनरेगा बचाओ संग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जब तक इस नए कानून को वापस नहीं लिया जाता, तब तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि यह सरकार गरीब मजदूर के हितों की अनदेखी कर धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। सभी लोग एकजुट होकर कौंग्रेस के हाथों को मजबूत करें। जिला महासचिव कालीचरण राजपूत ने कहा कि पिछड़ों दलितों को भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा परेशान किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर खंगार ने अपील की कि नवीन मनरेगा कानून को वापस लेने के लिए कौंग्रेस पार्टी का सहयोग करें। इसी प्रकार भरकोरा ग्राम सभा में ब्लॉक अध्यक्ष जग जाहिर पटेल की अध्यक्षता में मनरेगा बचाओ संग्राम चैपाल का आयोजन हुआ। इस मौके पर शिवगुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद, विजयमणि त्रिपाठी, सोहन प्रसाद, धर्मपाल, रामसुमेर, भोला प्रसाद, चंदन, श्यामकली, माया, मीरा सहित अन्य कौंग्रेसी मौजूद रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में कई ने किया नामांकन

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिला अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव के लिए अध्यक्ष सहित कई पदों पर अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए चन्द्रमौली शुक्ला, धनराज सिंह, रामलखन सिंह राजपूत, सुनील कुमार द्विवेदी, जयकरन भुजौली, विमल कुमार ने नांमामन दाखिल किया। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए भूपेन्द्र कुमार शुक्ला, शिवविलास सोनी ने पर्चा भरा। इसी तरह सामान्य उपाध्यक्ष पद के लिए कृष्ण पाल विश्वकर्मा, हैदर शिकोह कजिलबख्श, मोरध्वज ने पर्चा दाखिल किया। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह, दिनेश कुमार, शिवकुमार यादव व निखिल सक्सेना ने पर्चा भरा है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर शपथ ग्रहण

जन एक्सप्रेस | बांदा



महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई के सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत एवं समस्त महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता की संरक्षकता में समारोहिका डाक्टर सबीहा रहमानी के द्वारा शपथ करवायी गई। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय के प्रवक्तागण व महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कल राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में प्रातः 10 से एक दिवसीय द्वितीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण भी होंगे।

# आयोजित हुई नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा, एग्जाम से पहले एग्जाम देने का अवसर

जन एक्सप्रेस | बांदा



शनिवार को जनपद डिजिटल लाइब्रेरी की ओर से एक निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया प्रतियोगी परीक्षा का उद्देश्य यूपी पुलिस रेलवे व अन्य विभागों तैयारी कर रहे छात्रों को एग्जाम से पहले एग्जाम देने का अवसर दिया गया जिससे कि तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को अपनी कमियों और खामियों का पता चल सके जिससे आगामी परीक्षाओं में सुधार का मौका मिल सके। परीक्षा में उपस्थित मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि मालती बासु चेयरमैन नगर पालिका परिषद एवं शेख सऊद उज जमा (सादी जमा) रामेंद्र शर्मा कोच (इंटरनेशनल शूटर), अनस अंसारी की मौजूदगी में कराया गया। परीक्षा का आयोजन लाइब्रेरी संचालक जैनुल अंसारी के द्वारा रजत सेठ, मोहन साहू व राजकुमार राज, वनाधिकारी, मनोज जैन मिशम जैदी, अनवर जैदी, फिरोज मिर्जा, विकास गुप्ता, जावेद खान, शेखर कुशवाहा, राहुल, राजा बाबू, रियाज आदि की गरिमामय उपस्थिति में कराया गया। परीक्षा में लगभग 400 के आस पास छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं परीक्षा को सफल बनाया।



**हिमाचल में बर्फ भारी, 5 एनएच समेत 563...**

हिमाचल प्रदेश में चार महीने से जारी सूखे का दौर भारी बर्फबारी और बारिश के साथ खत्म हो गया है। मौसम विभाग के अलर्ट के बीच शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाके बर्फ से लकदक हो गए। पहाड़ों की रानी शिमला, मनाली, डलहौजी और चायल जैसे पर्यटन स्थलों में... पढ़ें पेज 12 पर...

# जनगणना अधिसूचना में जाति का कॉलम नहीं, मतदाता सूची में घपले करा रही है भाजपा सरकार: अखिलेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जातीय जनगणना भाजपा का महज एक जुमला है। जनगणना की अधिसूचना में जाति का कॉलम तक नहीं है। भाजपा का सीधा फार्मूला है, न गिनती होगी, न आनुपातिक आरक्षण-अधिकार देने का जनसांख्यिकीय आधार बनेगा। जातिगत जनगणना न करना पीडीए समाज के खिलाफ भाजपा की साजिश है। अब जब विरोध होगा तो भाजपा फिर कहेगी कि यह टाइपिंग मिस्टेक हो गई।



### मतदाता में घपले करवा रही है भाजपा सरकार: अखिलेश

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार अधिकारियों से मिलकर मतदाता सूची में घपले कर रही है। फर्जी वोट जुड़वा रही है। पीडीए का वोट कटवा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भी निष्पक्ष नहीं है। अगर संवैधानिक संस्था ही निष्पक्ष काम नहीं करेगी तो कौन उन पर भरोसा करेगा। अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर शनिवार को एसआईआर के बाद भी मतदाता सूची में आ रही खामियों को लेकर संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि सभी संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि कोई भेदभाव न होने दे। आधार कार्ड को मेटल का बनाकर उसे मतदाता सूची से जोड़ दिया जाए। इससे मतदाता सूची की गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा बंद हो जाएगा। उन्होंने कन्नौज विधानसभा में 200 से अधिक फर्जी और डबल वोटरों की सूची दिखाते हुए कहा कि भाजपा कुछ अधिकारियों से मिलकर फर्जी वोट बनवा रही है। कहा गया था कि एसआईआर के बाद मतदाता सूची शुद्ध और समावेशी होगी, किसी पात्र मतदाता का नाम नहीं कटेगा। एसआईआर के माध्यम से भाजपा सरकार साजिश, षड्यंत्र और विपक्ष को कमजोर करने की साजिश कर रही है।

### राजनीतिक दलों को नहीं दी जा रही नोटिस सुनवाई की जानकारी

सपा अध्यक्ष ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नोटिस सुनवाई की जानकारी राजनीतिक दलों और बूथ लेवल एजेंटों (बीएलओ) को नहीं दी जा रही है। सुनवाई कब होगी, इसकी भी जानकारी बीएलए को नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बीएलओ सरकारी कर्मचारी है। सरकार उन पर दबाव बनाती है। जाति के आधार पर तैनात करती है। नोटिस सुनवाई के समय वे मौजूद रहेंगे, लेकिन पाटियों के बीएलए नहीं मौजूद रहेंगे। सुनवाई में भाजपा के मानसिकता वाले अधिकारी लगाए गए हैं, जो वोटो में हेराफेरी करते हैं। एसआईआर में चुनाव आयोग जो तकनीकी सपोर्ट ले रहा है, उसकी जानकारी राजनीतिक दलों और बीएलए को दे।

### शंकराचार्य सच्चाई पर डटे हैं

एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने नकली सनातनियों की पोल खोल दी है। शंकराचार्य सच्चाई पर डटे हैं। देश का हर एक सनातनी शंकराचार्य जी के साथ खड़ा है। उनकी इस लड़ाई में हम साथ है। अखिलेश यादव ने कहा कि कालनेमी को खोजने वाले बताएं कि कलयुग का कालनेमी कौन है। कौन कालनेमि बनकर जनता को धोखा दे रहा है। साथ ही कहा कि हमारे पास 30 से ज्यादा गायें है। उन्होंने कहा कि कई हजार करोड़ के सरकारी ठेके कुछ लोगों में बांटे जा रहे है। लखनऊ में कई हजार करोड़ के लागत से बन रहे ग्रीन कारीडोर की डिजायन ही गलत है।

### चुनाव आयोग से मांगा तकनीकी सहयोग

हमारी मांग है कि चुनाव आयोग समाजवादी पार्टी की टेक्निकल टीम को भी समझाए कि एसआईआर और मतदाता सूची में क्या हो रहा है। मतदाता सूचियों में एक ही नाम के दो–दो वोट है। चुनाव आयोग से सपा को कोई तकनीकी सपोर्ट नहीं मिल रहा है। मैनुअल तरीके से हम कितना फर्जी वोट ढूढेंगे। चुनाव आयोग हमारी मदद करें। अपने तकनीकी एक्स्पर्ट को समाजवादी पार्टी कार्यालय भेजे या कोई लैब और ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बताए, जहां हम अपने कार्यकर्ताओं को भेजकर ट्रेनिंग दिला सकें।

### सपा ने कर्पूरी ठाकुर की मनाई जयंती

प्रदेश सपा मुख्यालय समेत विभिन्न जिलों में भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए की लड़ाई को मजबूत करने के लिए हम सबने यह संकल्प लिया है कि कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार बनाकर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करेंगे। उन्होंने सतीश समर सविता की पुस्तक 'भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर-एक लोकतांत्रिक मूल्यों की विचार माला'' पुस्तक का विमोचन किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी, पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविंद चौधरी विधायक राम अचल राजभर भी मौजूद रहे।

# राजकीय पॉलीटेक्निक लखनऊ में भव्य पंचम दीक्षांत समारोह



- 581 छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा, 30 को मिले नियुक्ति पत्र

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजकीय पॉलीटेक्निक, लखनऊ में शनिवार, 24 जनवरी 2026 को पंचम दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हीरा लाल (आईएएस), सचिव, राष्ट्रीय एकीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए 19 तकनीकी मॉडलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि सहित अतिथियों ने किया। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 581 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (हृश्वक्क2020) के अंतर्गत 347 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर हिंडालको इंडस्ट्रीज में कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से चयनित 30 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। इसके अतिरिक्त मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्र टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य एस. एन. सिंह ने राजकीय पॉलीटेक्निक की शैक्षणिक एवं संस्थागत उपलब्धियों पर आधारित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. हीरा लाल ने डिप्लोमा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायी संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि 'तैयारी और निरंतर अभ्यास से असफलता की संभावना स्वतः कम हो जाती है।' उन्होंने युवाओं से नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया तथा कहा कि डिप्लोमा पूर्ण करने के बाद स्टार्ट-अप और नवाचार पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने टीम भावना को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि 'टीम के साथ चलने से ही निरंतर प्रगति संभव है। 'कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता (मास कम्युनिकेशन) डॉ. नीरज कुमार ने किया। समारोह में विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार, इंद्रजीत सचान, आनंद कुमार, निशा यादव, विपिन कुमार, प्रियंका श्रीवास्तव सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रतिबंधित हरे पेड़ों का कटान जारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट महिंगवां थाना क्षेत्र के भरिगहना गांव में लकड़ी ठेकेदार द्वारा एक प्रतिबंधित पेड काट दिया गया। वही वन रेंजर शैलेंद्र कुमार सिंह लोधी ने बताया कि आसपास से सूचना मिलने पर पता चला भरिगहना गांव निवासी बिंद्रा प्रसाद ने प्रतिबंधित लकड़ी का पेड़ लकड़ी ठेकेदार असीम निवासी महिंगवां से कटवा लिया इस संबंध में ठेकेदार व बिंदू के विरुद्ध महिंगवां थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना अध्यक्ष से अनुरोध है कि प्राथमिकी की दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पार्टी से दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पश्चिमी क्षेत्र के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी छोड़ने का ऐलान करते हुए अपने राजनीतिक कदम से सबको चौंका दिया। सिद्दीकी ने इससे पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सरकार में मंत्री के रूप में भी काम किया है। उनके इस्तीफे से कांग्रेस के पश्चिमी क्षेत्र में संगठनात्मक समीकरणों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सिद्दीकी के इस फैसले से पार्टी में खलबली मची है और आगामी समय में उनके राजनीतिक रुख और नई पार्टी की संभावनाओं पर सबकी नजरें होंगी। कांग्रेस पार्टी की ओर से फिलहाल इस इस्तीफे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

### प्रतिबंधित हरे पेड़ों का कटान जारी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट महिंगवां थाना क्षेत्र के भरिगहना गांव में लकड़ी ठेकेदार द्वारा एक प्रतिबंधित पेड काट दिया गया। वही वन रेंजर शैलेंद्र कुमार सिंह लोधी ने बताया कि आसपास से सूचना मिलने पर पता चला भरिगहना गांव निवासी बिंद्रा प्रसाद ने प्रतिबंधित लकड़ी का पेड़ लकड़ी ठेकेदार असीम निवासी महिंगवां से कटवा लिया इस संबंध में ठेकेदार व बिंद्रा के विरुद्ध महिंगवां थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना अध्यक्ष से अनुरोध है कि प्राथमिकी की दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

### छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में 25 जनवरी को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे, जो पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे।कार्यक्रम में पंचायत राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण असीम अरुण सहित पंचायती राज, , पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी उपस्थित रहेंगे। छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। 25 जनवरी को अपराह्न 4:30 बजे जुपिटर हॉल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### पेपर क्राफ्ट वर्ल्ड में नन्हे बच्चों की रचनात्मकता का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सेंट फ्रांसिस कॉलेज हजरतगंज की कक्षा 1सी एवं 1डी के विद्यार्थियों ने 'पेपर क्राफ्ट वर्ल्ड' थीम पर आधारित रंगारंग हस्तशिल्प प्रदर्शनी में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में पाँच आकर्षक वर्ग बीन क्राफ्ट, लीफ क्राफ्ट, न्यूज़पेपर क्राफ्ट, गणतंत्र दिवस पर आधारित क्राफ्ट तथा पेपर रोल क्राफ्ट शामिल थे। बच्चों ने सरल, पर्यावरणअनुकूल एवं पुन: उपयोग योग्य सामग्रियों का प्रयोग करते हुए रंग-बिरंगे बीन एनिमल्स, प्राकृतिक पत्तियों से बनी कलाकृतियाँ, समाचार पत्रों से निर्मित कल्पनाशील मॉडल, देशभक्ति से प्रेरित तिरंगे पर आधारित शिल्प और पेपर रोल से उपयोगी वस्तुएँ तैयार कीं। इन कलाकृतियों के माध्यम से बच्चों ने रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और पुन: उपयोग री-यूज़ का सशक्त संदेश भी दिया। प्रदर्शनी का मार्गदर्शन अनिशा वर्मा एवं मोनिका थॉमस द्वारा किया गया, जिनके सहयोग, प्रोत्साहन से विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ कल्पनाओं को कला के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही हाथों से सीखने की प्रक्रिया, पर्यावरण जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करना था।

### यूपी शून्य से शिखर की ओर अग्रसर-केशव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने तथा प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति यात्रा व व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस- 2026' के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदत्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गृह व सहकारिता मन्त्री अमित शाह सहित महानुभावो का स्वागत किया और उत्तर प्रदेश के 25 करोड़वासियो को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनायें दीं। उन्होंने भारत रत्न, जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्म जयन्ती पर नमन किया।उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इन्जन की सरकार है।

# उत्तर प्रदेश दिवस: 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर मैनपुरी में हुआ समारोह

- संस्कृति, अध्यात्म और विरासत की पुण्यभूमि है उत्तर प्रदेश: योगेंद्र उपाध्याय
- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर अमन इंटरनेशनल स्कूल, मैनपुरी में 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर भव्य समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं चेक वितरित कर सम्मानित किया गया।उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव का केंद्र है। गंगा-यमुना से सिंचित यह भूमि भारतीय संस्कृति का विश्व में शंखनाद करने वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण और प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि है। प्रभु श्रीराम ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने का संदेश दिया, जबकि भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म और धर्म की स्थापना का उपदेश दिया। भगवान शंकर का प्राकट्य केंद्र भी उत्तर प्रदेश रहा है, जिनके ज्योतिर्लिंगों और शक्तिपीठों ने भारत को आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में बांधा। भगवान बुद्ध ने सारनाथ में प्रथम उपदेश दिया और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया, वहीं जैन तीर्थंकरों की तपोस्थली भी उत्तर प्रदेश रही है। काशी, नैमिषारण्य, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा और वृंदावन जैसे तीर्थ स्थल प्रदेश को विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश साहित्य और संस्कृति की जननी है, जहाँ महाभारत, रामायण, उपनिषद और रामचरितमानस जैसी महान रचनाओं का सृजन हुआ। भक्ति आंदोलन की अलख जगाने वाले सूरदास, तुलसीदास, कबीर और रसखान तथा आधुनिक युग में प्रेमचंद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, हजारी प्रसाद द्विवेदी और राहुल सांकृत्यायन जैसे महान साहित्यकार इसी भूमि की देन हैं। उत्तर प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम, क्रांति की भूमि रही है, जहाँ महारानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, मंगल पांडे, रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान जैसे वीरों ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि का मॉडल बन चुका है तथा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से अग्रसर है। 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना से पारंपरिक उद्योगों को नई पहचान मिली है और कृषि उत्पादन में प्रदेश देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को टूलकिट, आवास की चाबियां एवं ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। नवाचार एवं विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

# रिच स्काई फाउंडेशन ने कराया सामूहिक विवाह, नवविवाहित जोड़ों को मिले उपहार

- महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना आयोजन, सांसद अक्षय यादव बोले, सराहनीय हैं तनु यादव के प्रयास

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




रिच स्काई फाउंडेशन द्वारा राजधानी लखनऊ में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन फाउंडेशन की चेयरमैन तनु यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें युवक-युवतियों ने अपने-अपने परिवारों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न किया। सामूहिक विवाह में शामिल नवविवाहित जोड़ों को मंच से सम्मानित किया गया और वैवाहिक उपहार स्वरूप सोफा, कुर्सी, मेज, वस्त्र सहित अन्य घरेलू सामान भेंट किए गए। आयोजन में सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना साफ नजर आई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिरोजाबाद सांसद अक्षय यादव रहे। उन्होंने कहा कि रिच स्काई फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। तनु यादव के प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन महिलाओं के जागरण और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार काम कर रहा है, जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर तनु यादव ने कहा कि देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर ही राष्ट्र को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और ऐसे प्रयासों को और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कई ऐसी बेटियां भी शामिल रहीं, जिनके परिवार में पिता या अन्य सहयोगी नहीं थे। फाउंडेशन ने उनके घर बसाने की जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रिच स्काई फाउंडेशन आगे भी महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में फाउंडेशन के वॉलंटियर्स, सांसद अक्षय यादव और फाउंडेशन की अध्यक्ष तनु यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आईटीआई मुजफ्फरनगर में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

- किसान, उद्यमी, छात्र व खिलाड़ियों को सम्मानित कर किया गया उत्सव
- मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई मुजफ्फरनगर के सभागार एवं प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम के दौरान आईटीआई सभागार में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस अवसर पर लखनऊ में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया, जिसमें गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को उपस्थित नागरिकों ने देखा। साथ ही सहारनपुर मंडल के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपदों में कराए गए विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म का भी एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश केंद्र एवं योगी सरकार के नेतृत्व में निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है और हर क्षेत्र में प्रदेश नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मंत्री द्वारा कृषि क्षेत्र के 5 उन्नत किसानों को शाल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उद्योग एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 उद्यमियों को सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार योजना में कंपोजिट विद्यालय सैदपुर कला एवं प्राथमिक विद्यालय आदमपुर को मोमेंटो एवं शाल प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। एक जनपद एक उत्पाद योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को टूल किट प्रदान की गई। मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को डमी चेक वितरित किए गए। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 5 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त समाज सेवा, खेल, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को शाल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

# योगी सरकार में प्रदेश बना भारत का ग्रोथ इंजन

- महिलाओं की सुरक्षा, अपराध व भ्रष्टाचार पर नियंत्रण सरकार की बड़ी उपलब्धि: कश्यप
- मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर गाजियाबाद के पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप रहे। मुख्य अतिथि मंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने समाज कल्याण, महिला कल्याण, सौर ऊर्जा, बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, खादी एवं ग्रामोद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र, कृषि, उद्यान, पशुपालन, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, श्रम विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित 25 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मंत्री नरेन्द्र कश्यप, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नन्हें कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, गंगा आरती, नुक्कड़ नाटक, स्टोरी सॉन्ग तथा उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक गाथा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को उपस्थित जनसमूह ने देखा। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है और इसके लिए प्रदेश व जनपद का समग्र विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज भारत का ग्रोथ इंजन बन चुका है और सांस्कृतिक, औद्योगिक, तकनीकी, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदेश को देश ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए सभी को संकल्पबद्ध होकर कार्य करना होगा।

# 26 हजार से अधिक गांवों में पहुंचा 'हर घर जल'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन के तहत एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रदेश में अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से 'हर घर जल' प्रमाणित किया जा चुका है। जबकि लगभग ढाई करोड़ ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है, बल्कि सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम माना जा रहा है।जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में गांव-गांव तक पाइप पेयजल योजना को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। वर्तमान में 97 हजार से अधिक गांवों में पाइप पेयजल योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नल से पानी पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है।प्रदेश सरकार ने पेयजल योजनाओं को दीर्घकालिक और किफायती बनाने के लिए सौर ऊर्जा आधारित मॉडल को प्राथमिकता दी है। उत्तर प्रदेश की 80 प्रतिशत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं ग्रीन एनर्जी पर आधारित हैं। अब तक 33 हजार से ज्यादा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं सौर ऊर्जा आधारित बनाई जा चुकी हैं, जिससे बिजली खर्च में कमी आई है। सोलर आधारित पेयजल योजनाओं से हर साल करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आ रही है।केंद्र सरकार से आए सचिव अशोक कुमार मीना ने उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण लखनऊ के अन्तर्गत संचालित विकास खण्ड-गोसाईगंज की चांद सराय ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव ने योजना की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अत्यन्त स्वच्छ, सुव्यवस्थित परिसर तथा सम्पूर्ण परियोजना के संचालन को उत्कृष्ट एवं आदर्श बताया। उन्होंने योजना के अन्तर्गत निर्मित ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक, 6 किमी से लंबी वितरण प्रणाली, 486 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन एफएचटीसी, 17.50 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट, डीजी सेट तथा क्लोरिनेशन एवं स्वचालन प्रणाली का गहन अवलोकन किया।

# भव्यता के साथ मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस, जनकल्याण योजनाओं की दिखी झलक

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में शनिवार को **विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत** थीम पर आधारित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद विभाग एवं जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टालों का अवलोकन किया।

डीपी आरसी परिसर में बाल विकास, महिला कल्याण, मिशन शक्ति, उद्योग सूचना, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य एनआरएलएम सहित अनेक विभागों के स्टाल लगाए गए। जिनका बड़ी संख्या में पहुंचे जनसामान्य ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल से मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के शुभारंभ का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजन ने देखा।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, संस्कृति उत्सव में चयनित विजेताओं को प्रमाण पत्र, श्रम विभाग के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों, खेल विभाग के खिलाड़ियों तथा उद्योग विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं टूलकिट प्रदान की गईं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश के गौरव, आत्मसम्मान और समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज असीम संभावनाओं का प्रदेश बन चुका है। एक्सप्रेसवे नेटवर्क, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, डिजिटल सुविधाएं और जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश को विकास के नए पथ पर ले जा रही हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे समाज का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने **एक पेड़ मां के नाम** अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी जिला पर्यटन अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिवरतनगंज डाकघर में 31.85 लाख का गबन, आरोपी उप डाकपाल निलंबित

जन एक्सप्रेस । सिंहपुर, अमेठी

विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के शिवरतनगंज डाकघर में 31 लाख 85 हजार रुपये से अधिक के गबन का गंभीर मामला सामने आया है। मामले में तत्कालीन कार्यवाहक उपडाकपाल जितेंद्र कुमार तिवारी पर गबन का आरोप है। डाक विभाग द्वारा प्रकरण की विभागीय जांच कराई जा रही है। जांच पूर्ण होने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।डाक विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह गड़बड़ी डाकघर के कंप्यूटर सिस्टम से खातों के मिलान एवं नकदी सत्यापन के दौरान सामने आई। जांच में खातों में दर्ज धनराशि और उपलब्ध नकदी में भारी अंतर पाया गया, जिससे गबन की पुष्टि हुई। महराजगंज के डाक निरीक्षक हृदय मिश्रा ने बताया कि विभागीय जांच में 31 लाख 85 हजार रुपये के गबन की पुष्टि हुई है।जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि जितेंद्र कुमार तिवारी वर्ष 2018 से 2022 तक विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के शिवरतनगंज डाकघर में प्रभारी उपडाकपाल के रूप में तैनात रहे। इसी अवधि में खातों से जुड़ी गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं।डाक निरीक्षक के अनुसार आरोपी उपडाकपाल का नाम इससे पहले भी गबन के एक अन्य बड़े मामले में सामने आ चुका है।इससे पूर्व महराजगंज के हरदई डाकघर में तैनाती के दौरान उन पर 50 लाख 16 हजार रुपये के गबन का आरोप लगा था, जिसके संबंध में रायबरेली डाकघर अधीक्षक द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। लगातार सामने आ रही वित्तीय अनियमितताओं को देखते हुए डाक विभाग ने आरोपी उपडाकपाल जितेंद्र कुमार तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।इस संबंध में शिवरतनगंज थाने के प्रभारी यशवंत मिश्र ने बताया कि डाक विभाग द्वारा जांच प्रकरण जारी है। विभागीय जांच पूरी होने के बाद गबन के मामले में मुकदमा दर्ज कर की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले को लेकर डाक विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।उच्चाधिकारी पूरे प्रकरण पर नजर बनाए हुए हैं और जांच को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत विकास परिषद व ग्रेडोरा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में भारत विकास परिषद और ग्रेडोरा संस्था द्वारा शनिवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया ।

जानकारी के अनुसार 24 जनवरी को एमएलके पीजी कालेज सभागार में ग्रेडोरा संस्था और भारत विकास परिषद द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला और विशिष्ट अतिथि में एमएलके पीजी कालेज प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश्वर तिवारी, वरिष्ठ समाज सेवी कुंवर सुमेरू सिंह व इरफान खान शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित भी किया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने बताया कि जनपद के तुलसीपुर, गैसड़ी और पचपेड़वा विकास खंड के विद्यालयों में 18 जनवरी को पी ई टी परीक्षा कराया गया जिसमे 11 और 12 वी के सात सौ छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमे पास टॉप तीन छात्र के साथ तीस और रैंक के छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। जिला अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि शिक्षा सिर्फ रोजगार का साधन नही है बल्कि राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और आत्म बोध का साधन है। ग्रेडरा के संस्थापक फैसल खान ने कहा कि इस तरह के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान संस्था द्वारा भविष्य में भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पर पत्रकार बंधुओ का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में भव्य रूप से आयोजित हुआ यूपी दिवस कार्यक्रम

## लगाए गए सरकार की योजनाओं की झांकियां और स्टॉल, जनपद के नए लोगो का अनावरण, जिले को मिली नई पहचान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में यूपी दिवस कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्तरों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई।

इस अवसर पर लखनऊ से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने देखा। कार्यक्रम में जनपद के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं विभागीय उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियाँ एवं सूचना-स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों का अवलोकन मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग बेचन राम, विधायक पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी तथा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ,डीएम विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा किया गया। अतिथियों ने योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए विभागीय अधिकारियों को जनसामान्य तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया, जिससे लाभार्थियों का मनोबल बढ़ा एवं योजनाओं के प्रति जनविश्वास सुदृढ़ हुआ। इसी क्रम में दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए दिव्यांगजनों को स्वचालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया।

यूपी दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए जनपद की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विशेषताओं पर आधारित जनपद के नए लोगो का अनावरण मुख्य अतिथि एवं माननीय विधायकगण द्वारा किया गया। यह लोगो आगामी समय में जनपद के समस्त विभागीय कार्यालयों, पत्राचार एवं प्रचार-प्रसार सामग्री में प्रयोग किया जाएगा, जिससे जनपद की एकरूप पहचान स्थापित होगी।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। रंगारंग प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने सराहा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। आज प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था स्थापित हुई है, देश एवं विदेश से उद्यमी निवेश के लिए आगे आ रहे हैं तथा किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यूपी दिवस प्रदेश की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने और विकास के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

### एनएसपीएस त्रिपुला में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वाद – विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं में जागरूकता और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ाने के उद्देय से हुई प्रतियोगिता में छात्रा अन्वी, तावी, कुशाग्र और ध्रुव ने प्रतिभाग करते हुए प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता और विषय की गहन समझ की सभी ने सराहना की।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को समान अवसर, शिक्षा और सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र – छात्राओं को लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

# आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रवेश प्रकिया प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर
बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर माँ सरस्वती की पूजा के उपरांत लगभग 70 बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर विद्यालय में प्रवेश का कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.डी पी सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन प्रवेश लेने वाले प्रथम 10 बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण विद्यालय द्वारा किया जाएगा। पूर्व सूचना के आधार पर पहुंचे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मां सरस्वती की विधवा पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण कर प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ किया गया लगभग 70 बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण किया गया निशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय में किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि निःशुल्क पुस्तकों की वितरण की प्रकिया में अब से जो अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालय में रजिस्ट्रेशन कराये जाने के उपरांत प्रवेश परीक्षा में सभी बच्चो में अच्छे अंक से पास होने वाले प्रथम 10 बच्चों को विद्यालय द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### सोलर लाइट ट्रैप अपनाएं किसान भाई, अपनी फसलों को हानिकारक कीटों से बचाएं

**रायबरेली।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अखिलेश पांडे ने बताया है कि फसलों में लगने वाले विभिन्न प्रकार के हानिकारक कीटों से बचाव के लिये सोलर लाइट ट्रैप एक अत्यंत उपयोगी विधा है। कृषि विभाग द्वारा जनपद को 1900 यूनिट सोलर लाइट ट्रैप कृषकों को 75प्रतिशत अनुदान पर वितरित करने हेतु आपूर्ति की गयी है। सोलर लाइट ट्रैप की प्रति यूनिट कीमत रु0 635.00 है जिसमें से 75प्रतिशत की धनराशि रु0 432.00 डी0बी0टी0 के द्वारा कृषकों के बैंक खाते में अनुदान के रूप में वापस आयेगी। सोलर लाइट ट्रैप में एक खास प्रकार की लाइट होती है इसे दिन में सोलर प्लेट के जरिये चार्ज कर रात में खेतों में जलाया जाता हैं। इसे फसलों की ऊँचाई से 2 फिट ऊपर लगाया जाता है। लाइट ट्रैप के चेम्बर में तेल मिलाकर पानी भरा जाता है जिसमें कीड़े रात में रोशनी से आकर्षित होकर चेम्बर में गिरकर मर जाते हैं। लाइट ट्रैप का प्रयोग सायं 07 बजे से रात 10 बजे तक किया जाता है। लाइट ट्रैप की नियमित सफाई करते रहना चाहिए ताकि अधिकतम परिणाम प्राप्त किया जा सकें। सोलर लाइट ट्रैप जनपद की विकास खण्ड स्थित कृषि रक्षा इकाइयों पर उपलब्ध है।

# गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में बसंत उत्सव एवं विद्यारंभ संस्कार हर्षोल्लास के साथ संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में **बसंत उत्सव, विद्यारंभ संस्कार एवं खिचड़ी भोज** का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक बेरी अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पार्चन किया, तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना हुई। मंच पर आसीन अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी ने कराया मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि अशोक बेरी विभाग संघ चालक अमरेश बहादुर सिंह, प्रबंधक विमल तलरेजा, सह प्रबंधक अमरेंद्र बहादुर , कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अमित के यश द्विवेदी, विनोद अग्निहोत्री, राकेश कक्कड़ आदि सम्मानित लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार वैदिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराया गया, जो उनके शैक्षिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मां सरस्वती की विशेष अर्चना की गई और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि अशोक बेरी ने सभी भैया बहनों को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों ने प्रसाद ग्रहण कर समरसता का संदेश दिया।

# एम्स रायबरेली में ग्लूकोमा जागरूकता पर सीएमई का आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




ग्लूकोमा जागरूकता माह के अवसर पर एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग द्वारा एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम **साइलेंट थीफ ऑफ साइट : नो ग्लूकोमा, सेव विजन** रही। यह शैक्षणिक कार्यक्रम नेत्र रोग विभाग के सेमिनार कक्ष, वार्ड 7ब् में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) अमिता जैन, कार्यकारी निदेशक, एम्स रायबरेली के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल अखिलेश सिंह (उप निदेशक, प्रशासन), डॉ. अर्चना वर्मा (डीन, रिसर्च), कर्नल यू. एन. राय (वित्त सलाहकार), एम्स रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. भास्कर, प्रोफेसर, नेत्र रोग विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने सीएमई के सफल आयोजन की सराहना करते हुए ग्लूकोमा जैसी दृष्टिहीनता उत्पन्न करने वाली बीमारी की रोकथाम हेतु जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लूकोमा के शीघ्र निदान एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जो विश्वभर में अपरिवर्तनीय अंधत्व के प्रमुख कारणों में से एक है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्रृंखल द्वारा स्वागत संबोधन एवं विषय परिचय से हुई। इसके पश्चात प्रो. (डॉ.) प्रगति गर्ग, आयोजन अध्यक्ष एवं डीन (परीक्षा) ने **अर्ली ग्लूकोमा, अर्ली एक्शनः चेंजिंग द नेचुरल हिस्ट्री** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अंतिम वैज्ञानिक सत्र में डॉ. एस. के. भास्कर ने **ग्लूकोमा में अंतःनेत्र दाब एवं अन्य दाब** विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रुचि शुक्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस सीएमई में फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### चना सरसों एवं मटर की फसलों को हानिकारक कीट/रोग के प्रकोप से बचाव के लिए किसानों को सुझाव

**रायबरेली।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अखिलेश पांडे ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को सलाह दी है कि जनवरी माह में चना, सरसों एवं मटर की फसलों को हानिकारक कीटध्रोग के प्रकोप से बचाने के लिए नियमित साप्ताहिक निगरानी करते रहें। वर्तमान में मटर की फसल में फली बेधक कीट के नियंत्रण हेतु एजाडिरेक्टिन 0.15प्रति. की 2.50 ली0 मात्रा को 500–600 ली0 पानी में घोल बनाकर पर्णीय छिड़काव करने की सलाह दी जाती है, इसी प्रकार चना की फसल में फली बेधक कीट के नियंत्रण हेतु एन0पी0वी0 (एच) 250 एल0ई0 को 250–300 ली0 पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से सायंकाल छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। सरसों की फसल में माहूँ कीट के नियंत्रण हेतु डाइमेथोएट 30प्रति. आक्सीडेमेटॉन–मिथाइल 25प्रति. क्लोरपायरीफास 20प्रति. की 1.00ली0 मात्रा को 600–700 पानी में घोलकर पर्णीय छिड़काव करना लाभदायक होगा। इसके अतिरिक्त माहूँ कीट के नियंत्रण हेतु आजाडीरेक्टिन 0.15प्रति. की 2.50 ली0 मात्रा को 500–600 पानी में घोलकर पर्णीय छिड़काव करने की सलाह कृषक भाइयों को दी जाती है।

# गोरा बाजार में प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयन्ती

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सविता समाज की ओर से पूर्व मुख्यमन्त्री स्वतन्त्र संग्राम सेनानी जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयन्ती प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर एक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे एवं लखनऊ से पधारे प्रख्यात चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डा0 सी.के. वर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपनी सादगी व संघर्ष की लोकप्रियता के कारण जननायक बने। नाई जाति में जन्म लेने वाले इस महानायक ने राजनीति को जनसेवा की भावना के साथ लिया। भारत छोड़ो आन्दोलन में वे 26 महीने जेल में रहे। शिक्षाविद् एवं समाजवादी नेता डा0 शशिकांत शर्मा ने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण एवं डा0 राममनोहर लोहिया उनके गुरू थे। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर 1967 में बिहार के उपमुख्यमन्त्री व 1970 एवं 1979 में दो बार मुख्यमन्त्री बने। पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का मानना था कि देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जागरूक रहना चाहिए। संसद के विशेषाधिकार कायम रहे, आवश्यकतानुसार आकर्षण बढ़ता रहे, परन्तु यदि जनता के अधिकार कुचले जायेंगे तो संसद के विशेषाधिकार को चुनौती दी जायेगी। समाजवादी चिंतक राहुल निर्मल बागी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का पिछड़े वर्ग का ध्रुवीकरण, हिन्दी का प्रचार-प्रसार समाजवादी विचारधारा, कृषि का सही लाभ किसानों तक पहुँचना मुख्य लक्ष्य था। ब्लाक प्रमुख राही धर्मेन्द्र यादव 'राजू' ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को और उनकी मृत्यु 17 फरवरी 1988 को हुई, वे आजीवन समाजवादी सोंच के पोषक रहे। गोष्ठी का संचालन अभिषेक ठाकुर एवं आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन ऋषम सेनदीप द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवायें देने हेतु समाजसेवियों का अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र, माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया जिनमें मुख्य रूप से कलाकार सी.पी. पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह, डा0 सुरेन्द्र कुमार, अखिलेश माही, बीनू सविता, कुलदीप सेन, जितेन्द्र सविता पत्रकार, नदीम गूजर, सचिन सविता, रवि सविता, विभव यादव, राजू नन्द, अरविन्द कुमार, अर्जुन पासी, संजीव वर्मा, अनूप कुमार एडवोकेट, पी.लाल शर्मा, राजेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार प्रमुख रूप से थे।ब्लाक प्रमुख राही धर्मेन्द्र यादव 'राजू' ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को और उनकी मृत्यु 17 फरवरी 1988 को हुई, वे आजीवन समाजवादी सोंच के पोषक रहे। गोष्ठी का संचालन अभिषेक ठाकुर एवं आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन ऋषम सेनदीप द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवायें देने हेतु समाजसेवियों का अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र, माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया जिनमें मुख्य रूप से कलाकार सी.पी. पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह, डा0 सुरेन्द्र कुमार, अखिलेश माही, बीनू सविता, कुलदीप सेन, जितेन्द्र सविता पत्रकार, नदीम गूजर, सचिन सविता, रवि सविता, विभव यादव, राजू नन्द, अरविन्द कुमार, अर्जुन पासी, संजीव वर्मा, अनूप कुमार एडवोकेट, पी.लाल शर्मा, राजेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार प्रमुख रूप से थे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिलेश मौर्या, हर्षित सविता, सचिन शर्मा, शुभम पाल, अरविन्द पाल, प्रमोद कुमार मौर्या, विपिन कुमार, संदीप प्रधान, दिवाकर नन्द, राकेश सविता, मोनू नन्द, सन्तोष वर्मा, हरिओम, आकाश नन्द सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## रिपब्लिक डे टैब्लो 'भारत गाथा' में अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी

# श्रेया घोषाल

### संजय लीला भंसाली को भी बड़ी जिम्मेदारी




सूचना और प्रसारण मंत्रालय (I×B मंत्रालय) ने भारतीय सिनेमा और कहानी कहने की कला का जश्न मनाने वाली अपनी गणतंत्र दिवस की परेड के लिए भारत की दो सबसे मशहूर क्रिएटिव पर्सनालिटी ङ्क फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली और गायिका श्रेया घोषाल को चुना है. संजय लीला भंसाली ने इस परेड की थीम 'भारत गाथा' को चुनते हुए एक बार फिर श्रेया घोषाल के साथ कोलैबोरेशन किया है. नेशनल अवॉर्ड विनर श्रेया घोषाल ने पहले भी कई बार संजय लीला भंसाली के साथ काम किया है. श्रेया घोषाल ने 2002 में आई फिल्म 'देवदास' से लेकर 'पद्मावत' तक संजय लीला भंसाली की फिल्मों के लिए बेहतरीन गाने गाए हैं. ऐसे में इन दोनों का जादू 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर एक विशेष गीत के साथ देखने को मिलने वाला है.I&B मंत्रालय की गणतंत्र दिवस परेड झांकी के लिए संजय भंसाली ने 'भारत गाथा' थीम को कॉन्सेप्ट दिया है. ये पहली बार है जब कोई भारतीय फिल्ममेकर देश के सबसे सम्मानित समारोह में भारतीय सिनेमा का रिप्रेजेंट करेगा. इस विजन को और शानदार बनाने के लिए संजय लीला भंसाली ने श्रेया घोषाल को एक खास गाना गाने के लिए चुना है, जो 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर झांकी के साथ बजेगा.



**संजय लीला भंसाली और श्रेया घोषाल का कोलैबोरेशन**

इस डेवलपमेंट से जुड़े एक सोर्स ने बताया, श्रेया घोषाल ने भारत गाथा के लिए एक खास गाना गाया है, जो संजय लीला भंसाली द्वारा कॉन्सेप्ट की गई गणतंत्र दिवस झांकी है. संगीत हमेशा से भंसाली की कहानी कहने का एक अहम हिस्सा रहा है. जब भी भंसाली और श्रेया एक साथ आते हैं, तो नतीजा एक बेहद ही खास और उम्दा होता है. उन दोनों के कोलैबोरेशन ने लगातार ऐसे यादगार प्रोजेक्ट बनाए हैं जो हमेशा ऑडियंस के साथ रहते हैं. इस बार वही संगीत का जादू कर्तव्य पथ पर सामने आएगा, जो गणतंत्र दिवस परेड का ही एक हिस्सा बन जाएगा.

ये कोलैबोरेशन ढ्ठ×क्क मंत्रालय के भारतीय सिनेमा को सिर्फ मनोरंजन के रूप में नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता कहानी कहने की विरासत के रूप में पेश करने के विजन को दर्शाता है. भंसाली की सिनेमाई समझ कहानी को नई दिशा देगी और श्रेया घोषाल की आवाज इसमें जान डालेगी.

## व्हील चेयर पर नवजात बेटे को लेकर शो में पहुंचीं भारती सिंह, हाथ में लगी थी ड्रिप, दिखाई काजू की पहली झलक




मशहूर कॉमेडियन और होस्ट भारती सिंह ने अपनी पर्सनल लाइफ में साल 2025 का अंत एक बहुत बड़ी खुशखबरी के साथ किया था. 2025 के आखिरी में उन्होंने अपने दूसरे बच्चे का वेलकम किया था. अब दूसरे बच्चे के जन्म के करीब एक महीने बाद उन्होंने बेटे की पहली झलक दिखाई है. भारती दिसंबर 2025 में दूसरी बार मां बनीं और इसके चलते उन्होंने अपने काम से ब्रेक भी लिया था. लेकिन, अब एक्ट्रेस ने अपने शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में वापसी कर ली है. लेकिन, वो अकेली नहीं लौटीं, बल्कि शो पर वो अपने नवजात बच्चे के साथ आई थीं.भारती सिंह व्हील चेयर पर 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में पहुंची थीं. उनके हाथ में ड्रिप भी लगी हुई थी. उनके साथी शो पर उन्हें देखकर खुश हो गए. लेकिन, भारती के भी आने से ज्यादा खुश वो भारती के दूसरे बेटे काजू के आने से थे. व्हील चेयर पर बैठी भारती ने अपनी गोद में बेटे को ले रखा था. इस दौरान शो के अपने को-स्टर्स को भारती ने काजू की पहली झलक दिखाई. सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में कृष्णा अभिषेक, अली गोनी, गुरमीत चौधरी सहित शो के सभी कलाकार भारती और उनके बेटे को देखकर काफी खुश नजर आ रहे हैं.

**काजू के जन्म पर बंटी थी मिठाई**

भारती सिंह 'लाफ्टर शेफ्स' और इसके कलाकारों के साथ खास बॉन्ड शेयर करती हैं. जब खबर आई कि भारती दूसरी बार मां बन चुकी हैं तो सेट पर मिठाई बांटकर सभी का मुंह मीठा कराया गया था. इससे पहले भारती के लिए शो में सरप्राइज बेबी शॉवर का आयोजन भी किया गया था.

**2017 में की थी हर्ष लिंबाचिया से शादी**

भारती सिंह टीवी इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं. भारती ने साल 2017 में हर्ष लिंबाचिया से शादी की थी. हर्ष एक होस्ट के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं. वहीं उनकी पहचान एक राइटर के रूप में भी है. हर्ष कॉमेडी सर्कस के तानसेन, कॉमेडी नाइट्स बचाओ और कॉमेडी नाइट्स लाइव जैसे शोज लिख चुके हैं. भारती और हर्ष ने अप्रैल 2022 में अपने पहले बेटे गोला का वेलकम किया था और दिसंबर 2025 में दूसरी बार उनके घर में किलकारी गूंजी.

## वो 5 फिल्में, जिन्होंने करण जौहर की 'होमबाउंड' को ऑस्कर से बाहर करवा दिया




मई 2025 में करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन 'होमबाउंड' के नाम से एक फिल्म लेकर आई थी. ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर लीड रोल में नजर आए थे. फिल्म लोगों को काफी पसंद आई और हर तरफ से इसे सराहा भी गया. इस पिक्चर ने बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म केटेगरी में ऑस्कर 2026 के लिए टॉप-15 फिल्मों की लिस्ट में भी अपनी जगह पक्की की थी. उसके बाद से इस फिल्म से पूरे भारत को काफी उम्मीदें थीं. हालांकि, जब एकेडमी अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी हुई है तो हर किसी का दिल टूट गया.98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंसेज की तरफ से 22 जनवरी की शाम नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई. 15 शॉर्टलिस्टेड फिल्मों में से पांच फिल्में नॉमिनेट हुईं. उन पांच फिल्मों में 'होमबाउंड' जगह नहीं बनाई और ऑस्कर की रेस से बाहर हो गई. चलिए उन पांच फिल्मों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने नॉमिनेशन में अपनी जगह पक्की की.

**इन 5 फिल्मों ने मारी बाजी**

द सीक्रेट एजेंट (ब्राजिल)
सेंटिमेंटल वैल्यूज (नॉर्वे)
द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनिशिया)
इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस)
सिरात (स्पेन)

ये वो पांच फिल्में हैं, जो अब बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम करने की रेस में हैं. अब मुकाबला इन पांच फिल्मों के बीच में ही है. इन पांच फिल्मों में से ही किसी के नाम इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड होगा. विनर के नाम का ऐलान 15 मार्च को किया जाएगा.'होमबाउंड' के अलावा और जो फिल्में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म केटेगरी के लिए नॉमिनेशन में अपनी जगह नहीं बना पाईं और बाहर हो गईं वो हैं- बेलेन (अर्जेंटीना), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (साउथ कोरिया), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट हैंडेड गर्ल (ताइवान).

**कहां देख सकते हैं 'होमबाउंड'?**

'होमबाउंड' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है. ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर तीनों ने अपने काम से इस फिल्म के जरिए लोगों का खूब दिल जीता. इस फिल्म का डायरेक्शन नीरज घायवान ने किया है.

# आमिर खान

## ने खोला कॉमेडियन सुनील ग्रोवर का बड़ा राज, बताया कैसे कर लेते हैं कमाल की मिमिक्री



कॉमेडी और मिमिक्री का नाम सुनते ही एक नाम जो सबसे पहले दिमाग में आता है, वो है सुनील ग्रोवर. वैसे तो सुनील की कॉमेडी हर किसी को खूब पसंद आती है, लेकिन अब इस टैलेंट की तारीफ खुद आमिर खान ने की है. एक्टर ने ग्रोवर की मिमिक्री को सिर्फ नकल के तौर पर नहीं देखा, बल्कि उनकी कला को एक डीप एक्टिंग स्किल बताया है, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ प्रभावित भी करती है.आमिर खान ने एक इंटरव्यू में बताया कि सुनील ग्रोवर सिर्फ किसी की आवाज या हाव-भाव की नकल नहीं करते, बल्कि वे उस इंसान के सोचने के तरीके, शब्दों के जवाब और भावनाओं को भी समझते हैं. यही वजह है कि उनकी परफॉर्मेंस इतनी प्रभावी और रियल लगती है. आमिर ने कहा कि सुनील एक मजेदार और मल्टी टैलेंटेड एक्टर हैं, जिनमें मिमिक्री के साथ-साथ असली एक्टिंग की भी गहराई है.

**खुद नहीं रोक पाए थे हंसी**

दरअसल, सुनील ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो के हालिया एपिसोड में सुनील ने आमिर खान की मिमिक्री की थी. जहां उन्होंने न सिर्फ आमिर के अंदाज को पकड़ा, बल्कि उनके चलने का ढंग, बोलने का तरीका और मीडिया से इंटरैक्शन




तक को बखूबी दोहराया. सोशल मीडिया पर लोगों ने सुनील की खूब तारीफ की थी, यहां तक कि आमिर ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि ये परफॉर्मेंस बहुत ही कमाल का था कि उन्होंने खुद खुद पर हंसी नहीं रोक पाई.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# एक खिलाड़ी से राष्ट्र तक

## मुस्तफिजुर प्रकरण और टूटा विश्वास

**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन इस बात का संकेत है कि यह संकट सीमित नहीं रहेगा। दर्शक क्रिकेट को रोमांच और प्रतिस्पर्धा के लिए देखते हैं, राजनीतिक रणनीति के लिए नहीं। यदि यह संतुलन टूटा, तो दर्शकों का विश्वास भी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। क्रिकेट और राजनीति का संबंध नया नहीं है, लेकिन उसका यह खुला और आक्रामक स्वरूप अत्यंत चिंताजनक है। जब सरकारें खेल निर्णयों में हस्तक्षेप करने लगती हैं, तब खिलाड़ी केवल प्रतीक बनकर रह जाते हैं। खेल संघों की स्वायत्तता कमजोर होती है और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं दबाव में आ जाती हैं।**

*क्रिकेट का मैदान केवल खेल का स्थल नहीं होता, वह राष्ट्रों की भावनाओं, आकांक्षाओं और आपसी विश्वास का प्रतिबिंब भी होता है। जब इसी मैदान से किसी देश की अनुपस्थिति की घोषणा होती है, तो वह केवल खिलाड़ियों की कमी नहीं दर्शाती, बल्कि विचारों और संबंधों के टूटने का संकेत भी देती है। भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से बांग्लादेश का बहिष्कार इसी टूटन की घोषणा है। यह फैसला खेल भावना से अधिक राजनीति की भाषा बोलता है। जिस विश्व कप को वैश्विक एकता, प्रतिस्पर्धा और उत्सव का प्रतीक होना चाहिए था, वह अब संदेह, टकराव और कूटनीति का अखाड़ा बनता जा रहा है। यह घटना बताती है कि आधुनिक क्रिकेट अब केवल बल्ले और गेंद का खेल नहीं रहा, बल्कि सत्ता और अस्मिता का माध्यम बन चुका है। इस पूरे प्रकरण की शुरुआत एक खिलाड़ी से हुई, लेकिन उसका विस्तार पूरे राष्ट्र तक पहुंच गया। मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल से बाहर होना एक पेशेवर निर्णय था, जैसा हर लीग में होता है, किंतु बांग्लादेश ने इसे सम्मान और सुरक्षा से जोड़कर देखा। यहीं से खेल निर्णय राजनीतिक मुद्दा बन गया। बीसीबी द्वारा मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने की मांग, आईसीसी का इनकार और फिर सीधा बहिष्कार, यह सब इस बात का प्रमाण है कि फैसले खेल तर्क से नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव में लिए गए। खेल सलाहकार और सरकारी नेतृत्व के तीखे बयान यह स्पष्ट करते हैं कि यह निर्णय क्रिकेट बोर्ड का नहीं, बल्कि सत्ता संरचना का था। परिणामस्वरूप संवाद की संभावना समाप्त हो गई और टकराव ने जगह ले ली। भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल लेकिन सौहार्दपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों ने संघर्ष और सहयोग, दोनों के उदाहरण पेश किए हैं। उनके बीच खेले गए मुकाबले केवल अंक तालिका की लड़ाई नहीं थे, बल्कि साझा इतिहास और क्षेत्रीय पहचान की अभिव्यक्ति भी थे। लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाओं ने इस संतुलन को तोड़ दिया है। बांग्लादेश के भीतर भारत विरोधी भावनाएं तेज हुई हैं और क्रिकेट उनका सबसे प्रभावी मंच बन गया है। मुस्तफिजुर प्रकरण को राष्ट्रीय अपमान के रूप में प्रस्तुत कर सरकार ने जनभावनाओं को संगठित किया। ऐसे वातावरण में पीछे हटना राजनीतिक कमजोरी माना जाता है। यही कारण है कि क्रिकेट अब खेल कम और भावनात्मक राजनीति का औजार अधिक बनता जा रहा है। इस बहिष्कार का सबसे गहरा और प्रत्यक्ष प्रभाव स्वयं बांग्लादेश क्रिकेट पर पड़ेगा। आर्थिक नुकसान केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होता, वह पूरी खेल संरचना को प्रभावित करता है। आईसीसी से मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी, प्रायोजक अनुबंध, मैच फीस और पुरस्कार राशि का नुकसान बोर्ड को वर्षों पीछे धकेल सकता है। खिलाड़ियों के लिए विश्व कप केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान और करियर निर्माण का मंच होता है। वहां से बाहर होना उनके भविष्य की दिशा बदल सकता है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं के सपने भी अधर में लटक गए हैं। सुरक्षा के नाम पर लिया गया यह फैसला अंततः खिलाड़ियों से सबसे बड़ी कीमत वसूल करता दिखाई देता है। भारत के लिए यह स्थिति पहली नजर में सहज प्रतीत हो सकती है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम कहीं अधिक गंभीर हैं। कमजोर प्रतिद्वंद्वी की अनुपस्थिति से प्रतियोगिता की गुणवत्ता प्रभावित होगी। अंतरराष्ट्रीय मंच पर आईसीसी और मेजबान देश की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**विविधरंगी, अलग सामाजिक पहचान, जाति, धर्म और भाषा, क्षेत्रीय भिन्नताएं अलग होने के बावजूद अगर भारत में पश्चिम की तरह टकराव नहीं है तो उसकी वजह लोकतांत्रिक और चुनाव प्रक्रिया में अटूट भरोसा ही है। साफ है कि विविध सामाजिक पहचान के साथ सामुदायिक संतुलन और सहअस्तित्व भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता की गारंटी बना हुआ है। इसके पीछे चुनाव आयोग की सोच भी है। आज चुनावी नवाचार में भारत अगुआ है। ईवीएम, वीवीपैट, महिलाओं एवं दिव्यांग संचालित एवं थीम आधारित मतदान केंद्र, पोस्टल बैलेट, सूचना एवं प्रोद्योगिकी आधारित मतदाता सेवाएँ और स्वीप जैसी जागरूकता पहल तेज़ी और व्यापक तरीके से लागू की जा रही हैं।**

# दुनिया के लिए प्रेरक बनता भारत का चुनावी तंत्र



**उमेश चतुर्वेदी**

**भारत में लोकतंत्र का भविष्य पश्चिमी देशों की तुलना में अधिक विस्तारित, स्थायीत्व और जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह से वैश्विक विमर्श में 'भारतीय चुनाव मॉडल' प्रेरक बन चुका है। दुनिया में लोकतंत्र की दिशा तय करने वाले केंद्र बहुध्रुवीय होते गए हैं। लोकतंत्र का भविष्य उन्हीं देशों में सुरक्षित है, जो विपरीत हालात में भी नागरिक भागीदारी और विश्वास बनाए रखने में सफल हैं।**

स्वाधीनता के बाद जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था को हमने अपनाया, वह हमारी अपनी नहीं, पश्चिम से आयातित है। दिलचस्प है कि आज यही व्यवस्था दुनियाभर में शासन की बेहतर प्रणाली के रूप में स्वीकार्य है। इसकी बुनियाद में इंग्लैंड की सन् 1215 में हुई मैग्नाकार्टा की संधि है। आज का लोकतंत्र इसी संधि से निकले कानूनों और परंपराओं से विकसित हुआ है। जबकि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल में भारतीय दिलों की पारंपरिक लोकतांत्रिक सोच है। दुर्भाग्य से भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की महत्ता को दुनिया हाल तक स्वीकार करने से हिचकती रही है। ऐसे माहौल में अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक एवं चुनावी सहायता संस्थान की अगुआई भारत को मिलना मामूली बात नहीं है। अंग्रेजी में इस संस्थान को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेटिक एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस यानी आईडीईए के नाम से जाना जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि भारतीय लोकतंत्र की अहमियत वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो रही है। वैश्विक लोकतांत्रिक परिदृश्य के लिहाज से भारत को मिली अगुआई ऐतिहासिक है। 1995 में 14 देशों द्वारा स्थापित इस संगठन के सदस्य देशों की संख्या अब 37 हो चुकी है। संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान स्थायी पर्यवेक्षक के तौर पर इस संगठन में शामिल हो चुके हैं। करीब आठ अरब जनसंख्या वाली दुनिया के करीब दो अरब बीस करोड़ पंजीकृत मतदाता इसी संगठन के सदस्य देशों के पास हैं। जिसमें भारत की हिस्सेदारी 99 करोड़ 10 लाख से ज्यादा है। आंकड़ों से साफ है कि सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है। इस लिहाज से देखें तो भारत की अध्यक्षता उसके लिए औपचारिक दायित्व से कहीं ज्यादा वैचारिक नेतृत्व का अवसर हो सकती है। इस संगठन में सदस्य देशों के चुनाव आयोग या चुनाव कराने वाली संस्थाएं ही शामिल होती हैं, लिहाजा भारतीय चुनाव आयोग इस संस्था का सदस्य है। जाहिर है कि इसी नाते अध्यक्षता भी आयोग के ही पास है। जिस वक्त घरेलू मोर्चे पर भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त भारतीय चुनाव आयोग को इस प्रतिष्ठित संस्था की अगुआई मिली है। घरेलू मोर्चे पर विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग पर कभी वोट चोरी का आरोप लगाया जाता है तो कभी नकारा बताया जाता है। ऐसे वातावरण में चुनाव आयोग को आईडीईए की अध्यक्षता मिलना सामान्य बात नहीं, बल्कि भारतीय चुनाव प्रणाली की वैश्विक स्वीकृति और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। दुनिया अब तक लोकतंत्र को 'पश्चिमी मॉडल' के चश्मे से ही देखती रही है। जबकि इसके मूल में लोकतांत्रिक आत्मा नहीं, बाजार केंद्रित राजनीतिक ढांचा है, जहां व्यक्ति की बजाय संस्थाओं की स्वाधीनता और संसदीय परंपराओं पर जोर है। संचार और सूचना क्रांति एवं आर्थिक बदलावों के चलते आज का मतदाता बेहद जागरूक हो चला है। वह अपनी निजी राय की अहमियत की भी चाहत रखता है। इस वजह से पश्चिमी मॉडल वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सोच बदली है। भारतीय लोकतंत्र और चुनावी व्यवस्था अगर तनकर खड़ी है, तो उसके पीछे इन वैचारिक बदलावो का बड़ा योगदान है। एक अरब की भारी-भरकम मतदाता संख्या वालेभारतीय चुनावी तंत्र में भागीदारी बढ़ना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय चुनावी तंत्र की लचीली किंतु मजबूत व्यवस्था की सफलता के रूप में भी देखा जाना चाहिए। भारतीय चुनावी प्रबंधन में बढ़ते नवाचार, डिजिटल चुनावी प्रबंधन पर जोर, दिव्यांग और दूरस्थ मतदाताओं तक बढ़ती पहुँच, के लिए चुनाव आयोग की सोच ज्यादा जिम्मेदार है। चुनावी साक्षरता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने जितने प्रयोग किए हैं, वैसा उदाहरण कहीं और नहीं दिखता। विपक्षी सवालों के बावजूद चुनावों में अगर मतदाता भागीदारी बढ़ी है, तो माना जा सकता है कि चुनाव आयोग के प्रति भरोसा कम नहीं हुआ है। इस लिहाज से देखें तो भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहुंच पुस्तकालयों और विमर्श के संस्थागत मंचों की बजाय बूथ और अंतिम व्यक्ति तक बढ़ी है। इस संदर्भ में चुनाव आयोग की अध्यक्षता में 21 से 23 जनवरी के बीच आईडीईए देशों के चुनाव प्रमुखों और अधिकारियों की होने जा रही बैठक बेहद अहम हो जाती है। माना जा रहा है कि आयोग से दुनियाभर के अधिकारी जानना चाहेंगे कि मतदाताओं की भारी संख्या के बावजूद आयोग उन तक कैसे पहुंचता है और चुनाव प्रणाली की पवित्रता कैसे बरकरार है। चुनावी पवित्रता की नाभि-नाल पारंपरिक लोकतांत्रिक प्रणाली से जुड़ी है। प्राचीन भारत का बज्जि गणतंत्र आधुनिक प्रणाली से कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक और लोकोन्मुखी था। दक्षिण भारत के दसवीं सदी के चोल शासकों ने ग्रामीण शासन व्यवस्था के लिए जो व्यवस्था अपना रखी थी, उसे आधुनिक राजनीति विज्ञानी भी बेहतरीन प्रणाली मान रहे हैं। मैग्नाकार्टा के कुछ साल पहले कर्नाटक में लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक संत बसवेश्वर ने जिस अनुभव मंडपम् की स्थापना की थी, उसमें समाज के हर वर्ग के लोग धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करते थे और एक परिणति तक पहुंचते थे। राजनीति शास्त्री इसे आधुनिक संसद का प्रथम स्वरूप मानते हैं। आज हमारी चुनाव प्रणाली मजबूत है तो इसकी एक वजह हमारी यह परंपरा भी है। वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक राष्ट्रों के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं। जिनके लिए भारत का अनुभव प्रेरक हो सकता है। वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र के लिए ध्रुवीकरण, दुष्प्रचार और साइबर हस्तक्षेप, चुनावी धन में पारदर्शिता की कमी एवं युवाओं की घटती रुचि खतरा बन रही हैं। इसमें जनमत को प्रभावित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल ने कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। ऐसे माहौल में भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर चुनावी लिहाज से अपने सफल मॉडल आधारित अनुभव से लोकतांत्रिक राष्ट्रों की चुनाव प्रणाली के लिए प्रेरक हो सकता है। भारत को इन देशों की अगुआई इस बात का भी प्रतीक है कि हमारे लोकतंत्र की ताकत सिर्फ चुनाव में नहीं, बल्कि हर वोट को मिली अहमियत से है। इसी वजह से विविधरंगी समाज, भाषा, धर्म और असमानता के बावजूद भारतीय चुनाव प्रणाली शांतिपूर्ण बनी हुई है। साफ है कि विशाल और बहुलवादी समाज भारतीय लोकतंत्र की बाधा नहीं, ताकत है। पश्चिमी और ग्लोबल साउथ देशों की लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों के मद्देनजर भारतीय चुनाव प्रबंधन कहीं ज्यादा उपलब्धि भरा है। अमेरिका और यूरोप में जहां मतदाता भागीदारी लगातार कम हो रही है, वहीं अविश्वास और आपसी सामाजिक टकराव जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसके बरक्स विविधता के बावजूद हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था समस्या समाधान का शांतिपूर्ण हथियार बनी हुई है। इसमें महिलाओं, दिव्यांगजनों और युवा मतदाताओं के साथ बढ़ी मतदाता भागीदारी ने लोकतांत्रिक जड़ों को गहरा ही किया है। आमजन की राजनीतिक व्यवस्था के प्रति जारी विश्वास भी इसी का प्रतीक है। आज मौका मिलते ही सरकारें बदलने और दूसरी पार्टी को मौका मिलती है तो इसकी वजह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर बढ़ती जागरूकता और उसके प्रति अटूट भरोसा है।



**जिस वक्त घरेलू मोर्चे पर भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त भारतीय चुनाव आयोग को इस प्रतिष्ठित संस्था की अगुआई मिली है। घरेलू मोर्चे पर विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग पर कभी वोट चोरी का आरोप लगाया जाता है तो कभी नकारा बताया जाता है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 11:10 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 13:35 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | सिद्ध, 11:46 |
| सूर्योदयः | 07:13 |
| सूर्यास्तः | 17:54 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 16:34-17:54 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:12-12:55 |

## जन एक्सप्रेस

### बिछ रहा है जाल !

*ममता को डुबोएंगे।*
*ममता के ही लोग।।*
*कर चुकीं वो उनका।*
*भले लाख उपयोग।।*
*चतुर खिलाड़ी ममता पर।*
*बिछ रहा है जाल।।*
*एसआइआर भी।*
*कर सकता कमाल।।*
*तिलमिलाने से अब।*
*ना कुछ होने वाला।।*
*लौटेगा बंगाल में।*
*अब फिर से उजाला।।*
*सेट हुआ नैरेटिव।*
*हुआ आरंभ काम।।*
*बड़े बड़े चेहरों का।*
*शायद काम तमाम।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्किन को हेल्दी रखने के लिए रोज पिएं अनार का जूस

**आज** के समय में प्रदूषण, केमिकल वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स, डाइट और खराब स्किन केयर रूटीन के कारण स्किन से जुड़ी समस्याएं काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। वर्तमान में हेल्दी और चमकदार स्किन पाना हर व्यक्ति की चाह होती है। हालांकि, बढ़ती स्किन से जुड़ी समस्याएं एक्ने, डलनेस, पपड़ीदार त्वचा आदि के कारण आपका लुक काफी फिका नजर आता है। ऐसे में स्किन को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है कि ऊपर से इसकी सही केयर के साथ जरूरी है कि आप अंदर से भी त्वचा को पोषण दें। ऐसे में अनार का सेवन आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा का कहना है कि अनार का जूस त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होता है, जो स्किन को पोषण देता है। इसलिए, अनार का जूस नियमित पीने से आपको ये फायदे मिल सकते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** अनार में विटामिन सी, ए, ई, फोलेट, पोटेशियम और आयरन जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा इसमें पॉलीफेनॉल्स और फ्लेवोनॉयड्स जैसे पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं और सेल्स को रिपेयर करने में मदद करते हैं।



**स्किन की चमक बढ़ती हैः** अनार का जूस स्किन को अंदर से हाइड्रेट और डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से शरीर में ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जिससे स्किन तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते हैं। इसके कारण स्किन का नेचुरल निखार बढ़ता है और चेहरा ज्यादा ताजा और चमकदार बनता है।

**एंटी-एजिंग गुणों से भरपूरः** अनार का जूस पीने से आपके स्किन पर समय से पहले बढ़ती उम्र के असर को कम करने में मदद मिल सकती है। इसके साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन पर झुर्रियां, फाइन लाइन्स और ढीलापन कम करने में मदद करता है। यह स्किन की इलास्टिसिटी को बनाए रखने में मदद करता है और समय से पहले एजिंग की प्रक्रिया को भी धीमा करता है।

**एक्ने और पिंपल्स से छुटकाराः** नियमित रूप से अनार का जूस पीने से हार्मोनल असंतुलन, बैक्टीरिया और सूजन के कारण होने वाले एक्ने और पिंपल्स से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। इस जूस का सेवन करने से स्किन की सूजन को कम करने में भी मदद मिलती है और शरीर से टॉक्सिन पदार्थों को बाहर निकालने में भी मदद मिलती है, जिससे स्किन साफ और हेल्दी बनती है।

**दाग-धब्बे कम करता हैः** अनार का जूस स्किन पर मौजूद दाग-धब्बों और असमान रंगत को हल्का करने में मदद कर सकता है। इस जूस को पीने से मेलेनिन के असंतुलन उत्पादन को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है, जिससे स्किन का रंग धीरे-धीरे साफ और समान होता है।

**हेल्दी स्किन के लिए अनार का जूस कैसे पिएं?:** स्किन से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए या स्किन को ग्लोइंग और हेल्दी रखने के लिए आप अपनी डाइट में अनार का जूस शामिल कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# वैश्विक स्तर पर युद्ध के बदलते स्वरूप



**प्रहलाद सबनानी**

**इसके साथ ही, विभिन्न देशों के साथ व्यापार युद्ध भी छेड़ा जाता है। जैसे, अमेरिका द्वारा ब्रिक्स (भारत, चीन, रूस, ब्राजील) पर 500 प्रतिशत का टैरिफ लगाने के प्रयास करना भी इन देशों के विरुद्ध एक शम्र युद्ध छेड़ने जैसा ही निर्णय है।**

**इन संस्थानों द्वारा इन देशों पर टैक्स की दरें बढ़ाने, अपने खर्चों पर नियंत्रण स्थापित करने, राजस्व सम्बंधी निर्णयों पर अपनी नीति थोपने, उस देश के ऊर्जा, बंदरगाह एवं खनन क्षेत्रों का निजीकरण करने के प्रयास करना एवं इसके मध्यम से उस देश में चुपचाप शासन परिवर्तन के प्रयास करना भी शामिल हैं। इन संस्थानों से कर्ज लेना आधुनिक गुलामी का सबसे व्यवस्थित मॉडल बन पड़ा है।**

**21वीं** सदी में शक्ति संघर्ष का स्वरूप बहुत तेजी से बदल रहा है। अब विभिन्न देशों के बीच संघर्ष, तोप, मिसाइल एवं सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा रहे हैं बल्कि तकनीकि उपलब्धता, मुद्रा नियंत्रण, पूंजी प्रवाह, खाद्य सुरक्षा, आकड़ों (डेटा) का संग्रहण, नियम निर्माण को प्रभावित करने की क्षमता एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करना, आदि में माध्यम से लड़ा जा रहा है। यह एक ऐसा बहुपरत, निरंतर संस्थागत एवं सूक्ष्म युद्ध का स्वरूप है जो राष्ट्र की आर्थिक सामरिक स्वायत्तता को बिना पारम्परिक लड़ाई के नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह युद्ध वैश्विक बाजारी शक्तियों अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, वॉल स्ट्रीट पर आधारित वित्तीय नेट्वर्क, डॉलर आधारित भुगतान प्रणाली, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों (विश्व व्यापार संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक), रेटिंग संस्थानों, बड़े तकनीकि संस्थानों एवं निजी सैन्य परामर्श समूहों द्वारा मिलकर संचालित किया जा रहा है। यह युद्ध एक प्रणाली है एवं यह एक घटना नहीं है। व्यवस्थित तरीके से लड़े जाने वाले उक्त वर्णित युद्ध में रणनीतिक तंत्र का उपयोग किया जाता है। इस तंत्र के माध्यम से वैश्विक बाजारवादी शक्तियां मिलकर किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, नीति संरचना, मुद्रा, पूंजी प्रवाह, तकनीकि, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक धारणा पर लम्बे समय तक अपना प्रभाव एवं नियंत्रण स्थापित कर लेती हैं। यह युद्ध अदृश्य रूप से चलता है एवं किसी को प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देता है। यह युद्ध विभिन्न संस्थानों के माध्यम से लड़ा जाता है एवं इस युद्ध के माध्यम से किसी भी देश की शासन व्यवस्था को भी परिवर्तित किया जा सकता है। हाल ही के समय में उक्त वर्णित अदृश्य युद्ध के माध्यम से बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका आदि देशों में सत्ता परिवर्तन किया गया है। भारत में भी इस तरह के प्रयोग अदृश्य रूप से किए जा रहे हैं परंतु भारतीय नागरिकों पर इस चाल को अभी तक कोई असर नहीं हुआ है क्योंकि भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठन नागरिकों के बीच अपनी प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत को कम करने के भरसक प्रयास हो रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा भारी मात्रा में अपना निवेश लगातार निकाला जा रहा है जिससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर प्रवाह भारी मात्रा में हो रहा है और भारतीय रुपए पर दबाव बन रहा है। भारत में विभिन्न उत्पादों के होने वाले आयात महंगे हो रहे हैं इससे अंततः भारत में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो सकती है और भारत के नागरिकों में वर्तमान सत्ता के विरुद्ध असंतोष का भाव जाग सकता है। परंतु केंद्र सरकार की नीतियों के चलते अभी तक मुद्रा स्फीति की वृद्धि दर पर नियंत्रण बनाए रखने में सफलता मिली है एवं भारतीय खुदरा निवेशकों, म्यूचूअल फण्ड एवं देशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में पर्याप्त मात्रा में अपना निवेश बढ़ाया है इससे भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट को सफलतापूर्वक रोका जा सका है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा फेड रेट (अमेरिकी ब्याज दर) में वृद्धि करने से भी अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत होता है क्योंकि अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि होने से वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में उभर रही अर्थव्यवस्थाओं से अमेरिकी डॉलर का निवेश निकल कर अमेरिका की ओर आकर्षित होने लगता है। इससे भी इन देशों की मुद्राओं पर दबाव निर्मित होने लगता है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि को भी एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। तीसरे हथियार के रूप में किसी भी देश की मुद्रा को स्ड्ढद्धस्नज्ञ जैसे भुगतान नेट्वर्क से अलग कर दिया जाता है। इस निर्णय से सम्बंधित देश की मुद्रा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेनदेन विपरीत रूप से प्रभावित होने लगता है। जैसे रूस की मुद्रा रूबल के साथ हाल ही के समय में हुआ था। उक्त समस्त निर्णयों से किसी भी देश की मुद्रा को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर किया जा सकता है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# विराट हिन्दू सम्मेलन माला बाजार कंजाहरैया में भव्यता के साथ संपन्न





## हजारों सनातनियों की सहभागिता, एकता और राष्ट्रधर्म का संदेश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



तराई के जनपद बांसुरी नगरी टाइगर रिजर्व जनपद पीलीभीत के 128 विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंजाहरैया स्थित दुर्गा माता मंदिर प्रांगण, माला कॉलोनी में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्र भर से पहुंचे हजारों सनातनी भाइयों और मातृशक्तियों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रधर्म के प्रति संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कोलकाता से आईं प्रसिद्ध बाल कलाकार एवं बंगाली गायिका अनीशा मजूमदार ने अपनी मधुर वाणी से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। वहीं कवि कुलदीप कल्प ने संघ के शताब्दी वर्ष पर आधारित कविता के माध्यम से राष्ट्र और धर्म की चेतना को जागृत किया। मतुआ समाज की कीर्तन मंडली ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि बंगाली समाज द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ पूजन-अर्चन कर सम्मेलन में सहभागिता की गई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद हिन्दू सम्मेलन की आवश्यकता महसूस होना चिंतन का विषय है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति एक विचार है, जिसे किसी भी कालखंड में समाप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति विश्व को परिवार मानने का संदेश देती है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी को सही दिशा दी जाए और उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराया जाए। मुख्य वक्ता ने बंगाली भाषा में भी संबोधन किया और कविता के माध्यम से जनमानस में ऊर्जा और चेतना का संचार किया। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा पर बल देते हुए समाज को सजग रहने का आह्वान किया।

### जात-पात से ऊपर उठकर एकता का आह्वान

मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत को बार-बार लूटने और तोड़ने के प्रयास हुए, लेकिन सनातन संस्कृति अडिग रही। उन्होंने कहा कि समाज को जाति-पात से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा और अपनी संस्कृति, इतिहास तथा परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा, ताकि भारत विश्वगुरु के पथ पर आगे बढ़ सके। मंच से मातृशक्ति को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि माता जीजाबाई की गाथा से प्रेरणा लेकर बच्चों में राष्ट्रधर्म और संस्कारों का बीजारोपण करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरंजन सरदार ने सम्मेलन में उपस्थित सभी सनातनियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वक्ताओं के विचारों से प्रेरणा लेकर सभी को राष्ट्रधर्म और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन जगदीश सक्सेना ने किया। अंत में भारत माता की आरती के साथ खिचड़ी सह भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आसपास क्षेत्रों से आए साधु-संतों की उपस्थिति ने सम्मेलन की शोभा और बढ़ा दी। सम्मेलन में मां दुर्गा हिन्दू सम्मेलन समिति से जुड़े पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इनमें ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार, अमित कुमार, दुष्यंत कुमार, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, ललित कुमार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, प्रदीप नवरंग, कुलदीप कुमार, अभिजीत सरकार, विधान चंद्र मित्र, विष्णु, वरुण, स्वतंत्र देवल, केशव वैश्य, मिलाप सिंह, अजय गुप्ता, दयाराम, राहुल गजवानी, नरेश कुमार, राकेश मौर्य, संजीव कुमार, हिमांशु कन्नौजिया सहित सैकड़ों स्वयंसेवक बंधु मौजूद रहे।

# खमीर फैक्ट्री में पहली बार फहराया जाएगा 30 मीटर ऊँचा तिरंगा

## गणतंत्र दिवस पर गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार करेंगे ध्वजारोहण

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



भरापचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्री (ईस्ट प्लांट) में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पहली बार 30 मीटर ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। 26 जनवरी को आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर फैक्ट्री प्रशासन एवं औद्योगिक क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

खमीर प्लांट के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम 26 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा। यह पहला अवसर होगा जब फैक्ट्री परिसर में किसी राज्य मंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यक्रम में फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमंत्रित गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### 1200 करोड़ की लागत से बन रहा एशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट

गौरतलब है कि अमरिया तहसील क्षेत्र के भरापचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत से एशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पीछे गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के निरंतर प्रयास माने जा रहे हैं। वर्तमान में फैक्ट्री का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इसके विधिवत उद्घाटन की संभावना जताई जा रही है। औद्योगिक विकास के साथ रोजगार को मिलेगी मजबूती खमीर फैक्ट्री के संचालन में आने से पीलीभीत जनपद के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। फैक्ट्री से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### राष्ट्रीय पर्व पर ऐतिहासिक क्षण बनेगा ध्वजारोहण

एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्री परिसर में 30 मीटर ऊँचे तिरंगे का फहराया जाना न केवल औद्योगिक क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। गणतंत्र दिवस पर होने वाला यह आयोजन देशभक्ति और विकास के संकल्प का प्रतीक बनेगा।

# सुपरवाइजरों के साथ नायब तहसीलदार ने की समीक्षा बैठक



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने पर दिया जोर

विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने विधानसभा के सभी सुपरवाइजरों की एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में बूथ स्तर पर नए मतदाताओं के प्रारूप-6 फार्म अधिक से अधिक भरवाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

नायब तहसीलदार ने बताया कि अब तक बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भरे गए फार्मों की स्थिति से सुपरवाइजरों को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ से प्रतिदिन संपर्क बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर बनने से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि यदि फार्म भरने में किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्या आती है, तो उसकी सूचना तत्काल तहसील निर्वाचन कार्यालय को दी जाए, ताकि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जा सके।बैठक में बीआरसी राजेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर मो. फुरकान, मो. ताहिर, विजय शर्मा, राधाकृष्ण कुशवाहा, राजेश कुमार, ओमप्रकाश, मो. हसन, सौरभ शंखधार, मो. नूर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संकुल स्तर पर आयोजित हुई शिक्षा चौपाल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार को विभिन्न संकुलों में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का उद्देश्य जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाना, विद्यालयों को निपुण बनाना और बच्चों की नियमित शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना रहा। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में संकुल भगवंतापुर, माधोटांडा, पिपरिया दुलई, जटपुरा, रायपुर बिचपुरी, धर्मापुर, रघुनाथपुर आदि में नोडल संकुल शिक्षकों की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित की गई।चौपाल में निपुण भारत मिशन, दीक्षा ऐप, टीचर्स ऐप, बाल वाटिका संचालन, आईसीटी व स्मार्ट क्लास, खेल सामग्री के उपयोग और बच्चों की नियमित उपस्थिति जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। एसएमसी सदस्यों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ क्रियात्मक विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यालयों को निपुण बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश गंगवार, आलोक अवस्थी, अवनीश कुमार अवस्थी, वीरपाल, मो. ताहिर, रामसनेही, मो. फुरकान, मनोज कुमार, विपिन दीक्षित, ऋषि सक्सेना, शेखर दीक्षित, रामसेवक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 77वें गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल सम्पन्न





- पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में दिखा अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का संगम
- डीआईजी/एसपी अभिषेक यादव ने किया निरीक्षण, तैयारियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

देश के 77वें गणतंत्र दिवस को गरिमापूर्ण, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा तैयारियों को अंतिम चरण में पहुंचा दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को प्रस्तावित गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई, जिसका निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने किया।परेड ग्राउंड में आयोजित इस रिहर्सल के दौरान पुलिस विभाग की विभिन्न इकाइयों ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनुशासित अभ्यास प्रस्तुत किया। फायर सर्विस, फॉरेंसिक मोबाइल वैन, यूपी-112, उत्तर प्रदेश रेडियो पुलिस सहित अन्य शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। मार्चपास्ट के दौरान अनुशासन, एकरूपता, तालमेल और समयबद्धता देखते ही बन रही थी, जिसने गणतंत्र दिवस परेड की भव्यता की झलक पहले ही प्रस्तुत कर दी।फुल ड्रेस रिहर्सल का संचालन परेड कमांडर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नताशा गोयल के नेतृत्व में किया गया। उनके निर्देशन में परेड दल ने उत्कृष्ट मार्चपास्ट, सलामी और अनुशासित गतिविधियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने परेड की गति, गठन, टर्नआउट और कमांड पर प्रतिक्रिया का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए।रिहर्सल उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गणतंत्र दिवस समारोह की समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि परेड एवं समारोह पूरी तरह सुव्यवस्थित, अनुशासित और निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सम्पन्न होना चाहिए। साथ ही आमजन की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आपात सेवाओं की तत्परता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करें, ताकि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन शांति, सौहार्द और गरिमा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सके।

# ओवरहाइट गन्ना ट्रक से हाईटेंशन लाइन उलझी, खंभा झुका

## टनकपुर हाईवे पर कुछ देर बाधित रहा यातायात

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



पेराई सत्र के दौरान ओवरहाइट गन्ना ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही नगर की यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर रही है। शुक्रवार को नगर क्षेत्र के मुख्य मार्ग टनकपुर हाईवे पर राजकीय ड्रमंड इंटर कॉलेज के पास एक ओवरहाइट गन्ना लदे ट्रक के गुजरने के दौरान हाईटेंशन विद्युत लाइन ट्रक में उलझ गई, जिससे सड़क किनारे लगा बिजली का खंभा झुक गया और तार नीचे आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में निर्धारित मानकों से अधिक ऊंचाई तक गन्ना लदा हुआ था। जैसे ही ट्रक आगे बढ़ा, गन्ने की ऊंचाई हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। तार खिंचने के कारण खंभा झुक गया और अचानक बनी स्थिति से मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान रोडवेज बसों, निजी वाहनों, ऑटो तथा दोपहिया वाहनों की आवाजाही कुछ समय तक बाधित रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित ट्रक मौके से आगे निकल गया, जबकि कुछ लोगों ने ट्रक की नंबर प्लेट का फोटो भी अपने मोबाइल में कैद किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पेराई सत्र में ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ना ट्रकों की आवाजाही आम हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। लोगों ने सवाल उठाया कि एआरटीओ द्वारा ओवरहाइट और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई के बावजूद ऐसे वाहन सड़कों पर कैसे पहुंच रहे हैं।नागरिकों का मानना है कि मुख्य मार्गों पर समय रहते ओवरहाइट वाहनों की पहचान कर उन्हें रोकने में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की भूमिका अहम है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत ओवरहाइट एवं ओवरलोड वाहन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं, इसके बावजूद लोडिंग स्थलों, चीनी मिल परिसरों और सड़कों पर समन्वित निगरानी के अभाव में इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं।

# नन्हे कंधों पर सपनों का बोझ नहीं, शिक्षा का सहारा

## बिल्हौर में 1000 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग देने का संकल्प





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की दिशा में बिल्हौर क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई है। अपने निजी संसाधनों से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले 1000 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग वितरित करने का संकल्प लेकर इस सामाजिक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत शिवराजपुर ब्लॉक के चेतपुरवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय से हुई, जहां पहले चरण में 70 बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किए गए। जैसे ही बच्चों ने नए बैग अपने कंधों पर टांगे, स्कूल परिसर तालियों की गूंज और मुस्कानों की चमक से भर उठा। बच्चों की आंखों में दिखता आत्मविश्वास और उत्साह इस पहल की सफलता का जीवंत प्रमाण बन गया।इस अवसर पर बिल्हौर विधायक मोहित सोनकर राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई संसाधनों के अभाव में बाधित न हो, यही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने शिक्षा को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज की मजबूत नींव बताते हुए कहा– जब तक जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर आशा और आत्मविश्वास की चमक नहीं दिखाई देगी, तब तक हमारा दायित्व अधूरा है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों, ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी कदम बताया। सभी ने उम्मीद जताई कि यह अभियान आने वाले समय में क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों की शिक्षा यात्रा को नई दिशा और मजबूती देगा।

# प्रेमी के साथ मिलकर महिला ने रची चोरी की साजिश



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर कला गांव में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए चौंकाने वाला तथ्य सामने लाया है। पुलिस जांच में पता चला कि चोरी की वारदात घर की महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अंजाम दी थी।यह घटना 21 जनवरी की रात को गुड्डू पुत्र कल्वे अहमद के घर हुई थी, जिसमें करीब 1 लाख 60 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने की सूचना दी गई थी। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि चोरों ने परिवार को नशा सुंघाकर बेहोश किया।

सूचना पर सीओ प्रतीक दहिया, कोतवाली पुलिस और बाद में एडिशनल एसपी विक्रम दहिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चार पुलिस टीमें गठित की गईं। जांच में विरोधाभास मिलने पर जब घर के सदस्यों से सख्ती से पूछताछ की गई, तो सच्चाई सामने आ गई।शनिवार शाम पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि महिला ने अपने प्रेमी अकरम पुत्र रियासुद्दीन के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी और जेवरात व नकदी घर में ही छिपा दी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जेवरात व 88 हजार रुपये नकद बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर साहुकारा में बसंत पंचमी व सरस्वती प्रकाट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी एवं सरस्वती प्रकाट्योत्सव के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर साहुकारा में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को पीले पुष्पों, ध्वज-पताकाओं एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिशु वाटिका की नन्ही बालिकाओं द्वारा विधिविधान से निकाली गई कलश यात्रा से हुआ। अनुशासित पंक्ति में चलते हुए छात्र-छात्राओं ने माँ सरस्वती के जयकारे लगाए, जिससे पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सुंदरकांड पाठ, कीर्तन, हवन एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, मनोहारी नृत्य एवं लघु नाटिका की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कार और सृजनशीलता का प्रतीक पर्व है। यह दिन विद्यार्थियों को विद्या, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों से नियमित अध्ययन, सदाचरण और संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में विद्यालय के आचार्य-आचार्याएं, विद्यार्थी, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक मूल्यों का सुंदर संगम बना।

## महिला अस्पताल में स्टाफ नर्स पर अवैध वसूली का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** महिला अस्पताल में स्टाफ नर्स द्वारा अवैध वसूली किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। मोहल्ला नूरी नगर निवासी नौशाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाए हैं। नौशाद के अनुसार शनिवार को उनकी पत्नी अफशाना को प्रसव पीड़ा होने पर महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शाम करीब चार बजे उन्होंने एक पुत्री को जन्म दिया। आरोप है कि स्टाफ नर्स ने 'नार कटाई' के नाम पर 500 रुपये और 'मिठाई' के लिए 500 रुपये की मांग की। इतना ही नहीं, परिजनों से बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां भी मंगवाई गईं। जब डिस्चार्ज की बात आई, तो स्टाफ नर्स ने 2100 रुपये देने पर ही छुट्टी देने की शर्त रखी।

## मृदा की सेहत सुधारने से बढ़ेगी खेती की उत्पादकता

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रसार निदेशालय स्थित लाल बहादुर शास्त्री सभागार में मृदा में जैविक पदार्थ बढ़ाओ संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. विजयेंद्र पांडियन एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के निदेशक प्रसार डॉ. एस. के. सिंह ने कहा कि किसानों तक आवश्यकता के अनुसार आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रभावी हस्तांतरण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उन्नत बीज, आधुनिक उपकरण और बेहतर सिंचाई पद्धतियों से कृषि उत्पादन में वृद्धि संभव है। ड्रिप सिंचाई, हाइड्रोपोनिक्स और जैविक खेती जैसी तकनीकें ग्रामीण क्षेत्रों में खेती को अधिक लाभकारी बना रही हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को देखते हुए जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. के. विजयेंद्र पांडियन ने कहा कि वैज्ञानिक सस्य-जलवायु क्षेत्रों के अनुरूप कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाएं। उन्होंने जैविक खेती, फसल चक्र और समेकित कीट प्रबंधन के माध्यम से कृषि लागत घटाने तथा स्थानीय मंडियों और फसल प्रसंस्करण से किसानों की आय बढ़ाने की बात कही। उन्होंने मृदा में जीवांश कार्बन की वृद्धि को टिकाऊ कृषि की आधारशिला बताया। विशिष्ट अतिथि बांदा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ. एन. के. वाजपेई ने किसानों के प्रशिक्षण के व्यावहारिक तरीकों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ. आर. के. यादव ने बताया कि देश में लगभग 140 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में खेती हो रही है, जहां मृदा में जैविक पदार्थ बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक ग्राम मिट्टी में लगभग 6000 से अधिक सूक्ष्म जीव होते हैं, जो फसल उत्पादन और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वर्ष 2026 का कैलेंडर भी जारी किया गया।

# विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । उरई**






शहर के कालपी रोड़ स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में भारत विकसित-उत्तर प्रदेश उन्नत के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। सदर विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रदेश की गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश संभावनाओं से भरा हुआ है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद प्रशासन शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील और परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। एसपी ने कहा कि सुरक्षित वातावरण ही विकास की नींव होता है। जनपद पुलिस कानून व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता को भी प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दिव्यांगजनों को 10 ट्राईसाइकिल वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सहयोग प्रदान किया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन विकसित उत्तर प्रदेश-समृद्ध भारत के संकल्प के साथ किया गया। सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, एडीएम न्यायिक योगेंद सिंह, डीपीआरओ राम अयोध्या प्रसाद, नगर पालिका अध्यक्ष उरई के प्रतिनिधि विजय चौधरी, सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से किशोर घायल

**जन एक्सप्रेस/मल्लावां।** क्षेत्र के ग्राम परमी में रामविलास के चबूतरे पर रखे ट्रांसफार्मर के पास खेलते खेलते तीन साल का बच्चा पहुंच गया और चिपक कर जलने लगा। जिसको लोगों ने दौड़ कर छुड़ाया और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां बायां हाथ काट दिया गया और इलाज चल रहा है।

बताते हैं कि ग्राम परमी में 16 जनवरी को ट्रांसफार्मर के पास में एक छोटा मंदिर बना है। जहां कुछ धार्मिक कार्यक्रम हो रहा था। गांव निवासी राम प्रकाश का परिवार भी गया था। साथ में बच्चा रुद्र पाल भी गया था। खेलते खेलते बच्चा ट्रांसफार्मर के करीब कब पहुंच गया और चिपक गया जलने लगा तब लोगों ने देखा और उसे छुड़ाया गया, तब तक बुरी तरीके से बच्चा का बाया हाथ जल गया था, और भी कई जगह जल गया। परिजन लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उसका बाया हाथ काट दिया गया और इलाज चल रहा है। इस संबंध में जे ई एहतेशाम अहमद ने बताया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर के चारों ओर जाली लगवाई जाएगी।

## एक माह पूर्व खेत मे लगी पानी की मोटर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोल्हनपुर में एक किसान के खेत से चोरों ने सिंचाई के लिए लगी मोटर चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसाए ग्राम मोल्हनपुर निवासी शिवमंगल सिंह पुत्र सूबेदार सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर में बताया कि उनके खेत में बोरिंग पर सिंचाई के लिए मोटर लगी हुई थी। बीते 22 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने मोटर चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद भी जब मोटर का पता नहीं चला, तो पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया हैं कि अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

## कार ने बाइक में टक्कर मारी, किशोरी सहित दो घायल

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद कोतवाली के महुआ टोला चौराहे पर एक तेज रफ्तार करने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार एक किशोरी सहित दो लोग घायल हुए। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। कार सवार मौके से फरार हो गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम रत्नापुर निवासी अखिलेश 24 वर्ष पुत्र रामबक्श अपने परिवार की शिल्पी 15 वर्ष पुत्री रामनरेश के साथ बाइक से शाहाबाद आया था। स्लाटर हाउस की ओर जाने वाले महुआ टोला चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे अखिलेश और शिल्पी घायल हो गए। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

## हादसे में एक की मौत, एक घायल

**जन एक्सप्रेस । हाथरस**



आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरसौठी गांव के पास आज देर शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 25 वर्षीय वीरपाल की मौके पर मौत हो गई। इस दुर्घटना में 24 वर्षीय अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल अशोक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद में प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर किया गया है। मृतक वीरपाल गुरसौठी निवासी किशन सिंह का पुत्र था, जबकि घायल अशोक रनवीर सिंह का पुत्र है।मृतक के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद पहुंच गए हैं। वीरपाल अपने पीछे पत्नी और तीन बेटियों को छोड़ गए हैं।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को हटाकर यातायात सुचारु कराया।

कोतवाली प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि गुरसौठी के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल को आगरा रेफर किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी कार्यालय के जनसुनवाई भवन का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक झांसी आकाश कुल्हरी और पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया। लगभग 80 लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत यह कार्यालय अब भव्य, आकर्षक और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो गया है। उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नया पुलिस अधीक्षक कार्यालय अब मनोरम और सुव्यवस्थित स्वरूप में है, जो अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य व्यवहार में निखार लाने का माध्यम बनेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा, यह स्थान न केवल आकर्षक है, बल्कि कार्यालय की बेहतर व्यवस्था से पुलिस की छवि निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। अच्छा कार्य वातावरण कर्मचारियों के मनोबल और दक्षता को बढ़ाता है। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी लाइन के लिए अलग-अलग आधुनिक कक्ष। पुलिस अधीक्षक कक्ष के समीप आगंतुकों के लिए पर्याप्त आरामदेह बैठने की व्यवस्था। अभिसूचना इकाई, आईजीआरएस पोर्टल, अभिलेख ब्यूरो जैसी महत्वपूर्ण शाखाओं के लिए अलग-अलग सुसज्जित कक्ष। आकर्षक हैडिंग, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और समग्र सौंदर्यीकरण। यह नवीनीकरण पुलिस विभाग की जन-केंद्रित छवि को मजबूत करने और शिकायत निवारण में तेजी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के साथ ही कार्यालय अब पूर्ण रूप से कार्यरत हो गया है, जो जालौन जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश पुलिस की इस पहल से स्थानीय निवासियों को बेहतर पुलिसिंग सेवाएं मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से जालौन अब और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बन रहा है।

## कुत्तों के हमले से घायल हिरण के बच्चे को ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा



**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद वन रेंज के अंतर्गत ग्राम पसिगमा में शनिवार को दोपहर कुत्तों ने हिरण के एक बच्चे पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने जब कुत्ते को हिरण के बच्चे पर हमला करते हुए देखा तो कुत्तों को भगाकर घायल अवस्था में हिरण को अपने कब्जे में ले लिया। गांव के ही भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संतन सिंह ने बताया विश्वनाथ सिंह के सरसों के खेत में एक हिरन देखकर कुत्तों ने हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में हिरण को बचाया गया। संतन सिंह के अनुसार उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के कर्मचारी शनिवार को शाम 4ः00 बजे गांव पहुंचे और हिरण के बच्चे को अपने साथ ले गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों में एक की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी रोड पर बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को पीछे से किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खसवरा निवासी आजाद सिंह 52 वर्ष और उसका चचेरा भाई करन सिंह 45 वर्ष शनिवार रात को अपने एक रिश्तेदार की त्रियोदशी में शामिल होने के लिए बाइक से जालौन के ग्राम सिहारी जा रहे थे। इस दौरान जब बाइक सवार दोनों भाई चुर्खी रोड से गुजर रहे थे। तभी पीछे से किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनको टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। हादसे की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने आजाद को मृत घोषित कर दिया, जबकि करन सिंह का इलाज किया गया। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। मृतक आजाद के बड़े भाई चंद्रशेखर ने बताया कि आजाद ट्रक ड्राइवरी करता था। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को सभी क्षेत्रों में अग्रणी प्रगति प्रदान की है: नितिन अग्रवाल





**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद हरदोई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी भवन प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुई, जहां मंत्री ने फीता काटकर कृषि, उद्योग, उद्यान, शिक्षा, स्वास्थ्य, नेडा, बैंक, जल निगम, यातायात, समाज कल्याण, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, पशुपालन, डूडा सहित अन्य विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा उनकी माताओं को पोषण पोटली भी प्रदान की।

इसके पश्चात गांधी भवन सभागार में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के अंतर्गत उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, सीडीओ तथा अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मंत्री नितिन अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर डीएम अनुनय झा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अपने 75 वर्षों के सफर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में अग्रणी प्रगति की है। उन्होंने युवाओं से रोजगार सृजन की दिशा में आगे आने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कार्यक्रम में मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जनपद में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, विद्यालयों के कायाकल्प एवं खेल मैदानों की स्थापना जैसे कार्य कराए गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, आशा, एएनएम, कृषि वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, खिलाड़ियों, हस्तशिल्प कारीगरों, ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आरएफ डेमो चेक, उद्योग केंद्र के लाभार्थियों को टूल किट तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, टैबलेट एवं लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी,एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, परियोजना निदेशक, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लखनऊ से प्रसारित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के सजीव कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन भी सुना।

## पुलिस हिरासत में लिये गये मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोंच कोतवाली क्षेत्र में एक हिंदू युवती के अपहरण के मामले में समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने अपहृत युवती को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश की स्थिति बन गई थी।पीड़ित के पिता ने 20 जनवरी 2026 को कोंच कोतवाली में तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी 21 वर्षीय बेटी को मोहल्ला जवाहर नगर निवासी रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर, जो सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष है, अपने एक साथी के साथ बहला- फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्काल संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था।शुरुआती दिनों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर लोगों में असंतोष देखा गया। 23 जनवरी को हिंदू समाज से जुड़े लोगों ने कोंच कोतवाली का घेराव किया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया था कि आरोपी के प्रभावशाली होने के कारण पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। बढ़ते जन दबाव और आक्रोश के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही अपहृत युवती को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद युवती का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। उसके बयान दर्ज कराने के लिए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार युवती की उम्र, बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जीनियस स्कूल में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**




उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं बसंत उत्सव के अवसर पर जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। %विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश% थीम पर आधारित रंगोली में रिया सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।खेल स्पर्धाओं में नैतिक कुमार (निशानेबाजी), आयुष सिंह (जूडो व गोला फेंक), रिद्धि सिंह (पोस्टर), आयुषी सिंह (रेस), ऐसी द्विवेदी (लेखन), युग द्विवेदी (कुकिंग) और दिव्यांशु व साक्षी (लॉन्ग जंप) विजेता रहे। बच्चों ने साहसिक कार्यों का प्रदर्शन कर सभी को रोमांचित किया।प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह चौहान ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल स्वस्थ शरीर और मन के लिए अनिवार्य हैं, खिलाड़ी हार-जीत की परवाह किए बिना लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। इस दौरान दुर्गा पांडे, शिवेंद्र वीर विक्रम सिंह, वर्षा राठौर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## चोरी के सोनालिका ट्रैक्टर ट्राली के साथ चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें पुलिस ने चोरी का सोनालिका ट्रैक्टर व ट्रॉली के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नाका निवासी रामकुमार के यहां से बीती रात एक ट्रॉली चोरी हो गई थी। चोरी की जानकारी होते ही पीड़ित ने तत्काल थाना कदौरा में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने ट्रॉली चोरों की तलाश में जाल बिछाया और रात में ही घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान ग्रामीणों के सहयोग से थाना क्षेत्र के मुमताजाबाद तिराहे के पास पक्की सड़क से एक अभियुक्त को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त जितेन्द्र कुमार निवासी ग्राम बनियाखोड़, थाना मटौन्ध, जनपद बांदा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर महेन्द्र यादव निवासी ग्राम रमना, मौदाहा से मांगकर लिया था और अपने बहनोई राजबीर यादव के साथ मिलकर ग्राम नाका से ट्रॉली की चोरी की। चोरी की ट्रॉली को बेचने के लिए पुखराया ले जाते समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अभियुक्त के कब्जे से एक सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना कदौरा में पूर्व से भी आपराधिक इतिहास दर्ज है। थाना प्रभारी प्रभात सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की घटना का सफल खुलासा किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रेमी जोड़ों का फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की देहात कोतवाली थाने की पुलिस ने एटीएल ग्राउंड के समीप प्रेमी युगलों को पकड़कर उनकी फोटो व वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करते हुए उनसे अवैध वसूली करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि थाना कोतवाली देहात पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना इलाके के एटीएल ग्राउंड में कुछ व्यक्ति अंधेरा होने के बाद आने-जाने वाले प्रेमी युगलों को पकड़कर उनके फोटो व वीडियो बनाते हैं तथा छींटाकशी करते हुए उनसे जबरन रंगदारी वसूलते हैं। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि अवैध वसूली करने वाले आरोपी किसी प्रेमी युगल की तलाश में मौके पर मौजूद हैं। जिसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और मौके पर पहुंच गई। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली देहात पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में एसआई रोहित सिंह व उनकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों प्रदीप, अंकुश व मुन्ना को इलाके के ए.टी.एल. ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया और तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस दौरान मौके पर एक मोटरसाइकिल पर सवार नवदंपति मिले जिन्होंने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा उनसे जबरन रुपये की मांग की गई और न देने पर फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। इसी क्रम में नगर कोतवाली थाना इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा उससे भी आठ हजार रुपये नकद, दो हजार रुपये ऑनलाइन तथा पुनः दस हजार रुपये की जबरन मांग की गई, जिसमें प्रदीप के नाम के यूपीआई खाते पर भुगतान किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग अक्सर शाम के समय यहां आते हैं। जब कोई भी प्रेमी युगल मिलता है उनको पड़कर उनका फोटो व वीडियो बनाते हुए छीटाकशी करते हैं और फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए जबरदस्ती पैसे की मांग करते हैं। तो प्रेमी युगल डर के मारे कैश या ऑनलाइनपैसा दे देते हैं। कल भी ऐसे ही प्रेमी युगल को हम लोगों ने पकड़ लिया था। गलती हो गई। अब दुबारा ऐसा नहीं करेंगे। गिरफ्तार किए गये तीनों आरोपी देहात कोतवाली थाना इलाके के बड़नपुर के रहने वाले हैं। एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि थाना कोतवाली देहात इलाके में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना इलाके के बड़नपुर निवासी प्रदीप, अंकुश व मुन्ना के खिलाफ पुलिस ने वादी बनकर मुकदमा दर्ज कराया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने दम्पति को रोककर उनके साथ बदतमीजी करते हुए ऑनलाइन पैसे वसूले थे। इनके खिलाफ छेड़खानी व एक्सटॉर्शन का मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है।

# विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की नगर कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार को विद्युत तार चोरी करने वाले तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में। पुलिस ने जिले के तीन थानों में हुई चोरी की तीन घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दूसरे के रजिस्ट्रेशन पर ठेकेदारी करने की आड़ में करते थे विद्युत तारों की चोरी। बता दें कि आरोपियों ने पहली घटना नगर कोतवाली थाना इलाके में की जहां 33/11 केवी चिलबिला सब-स्टेशन से किशुनगंज नहर क्षेत्र की लाइन पर सोनहवा पुल से सरोज बस्ती तक लगे लगभग 3600 मीटर विद्युत तार को काटकर रात में चोरी कर लिया गया जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हुआ था। दूसरी, महेशगंज थाना इलाके के ग्राम बघवाईत के जंगल क्षेत्र में स्थित 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर से बनी एलटी लाइन की 15 पोलों की केबल काटकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। साथ ही पांच विद्युत पोलों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद महेशगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। तीसरी घटना को चोरों ने दिलीपपुर थाना इलाके में स्थित एनबीएस स्कूल के पास स्थापित ट्रांसफार्मर से निर्गत चार सौ मीटर एबीसी केबल को काटकर चुरा ली गई। जिसमें दिलीपपुर थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इन तीनों घटनाओं का खुलासा करते हुए नगर कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मान सिंह व भीम सिंह लालगंज थाना इलाके के व दिव्यांश गौतम नगर कोतवाली थाना इलाके के गोंड़ें का रहने वाला है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया।

एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि बिजली के तार चोरी करने वाले चोरों का एक अंतर्जनपदीय गैंग पकड़ा गया है। नगर कोतवाली, महेशगंज व दिलीपपुर थाना क्षेत्र में हुई तीन घटनाओं का खुलासा हुआ है। इनके पास से लगभग दो कुंतल बिजली का तार, कटर, तीन मोबाइल व एक पिकअप समेत तीन हजार नकद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि ये तीनों दूसरे के रजिस्ट्रेशन पर ठेकेदारी का भी काम करते थे और चोरी के तार को अन्य जगहों पर चल रहे काम मे इस्तेमाल करते थे। तीनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# गणतंत्र दिवस पर परेड पुलिस की कार्यकुशलता एवं समर्पण का प्रतीक: एसपी






**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में शनिवार को एसपी दीपक भूकर ने आगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड की तैयारियों का जायजा लेते हुए फुल ड्रेस ग्रैंड रिहर्सल कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ध्वजारोहण की प्रक्रिया, परेड की सलामी, परेड का निरीक्षण, टुकड़ियों की समन्वित चाल, बैंड प्रदर्शन तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली झांकियों के प्रदर्शन का पूर्वाभ्यास एवं सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इस अवसर पर एसपी ने गणतंत्र दिवस समारोह को और अधिक बेहतर, अनुशासित, आकर्षक एवं भव्य रूप प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने परेड की सुसंगठित प्रस्तुति, कदमताल में तालमेल, शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, समयबद्धता एवं समन्वय सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी प्रदान किए गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है। इस अवसर पर आयोजित परेड पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं समर्पण का प्रतीक होता है। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों से पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया।

# 'विकसित उ. प्र. – विकसित भारत' थीम पर आधारित रहा उत्तर प्रदेश दिवस का कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में शनिवार को 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत की थीम पर ÷उत्तर प्रदेश दिवस- 2026÷ समारोह का भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यमंत्री परिवहन विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री के पहुँचने पर एनसीसी के कैडेटों द्वारा उनका बैण्ड-बाजा के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने मार्च पास्ट की सलामी ली। तुलसीसदन परिसर में लगाये गये विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, डीएम शिव सहाय अवस्थी, एसपी दीपक भूकर, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. दिव्या मिश्रा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि समेत अन्य अतिथियों, अधिकारियों व जनसामान्य द्वारा अवलोकन किया गया। लखनऊ में आयोजित राष्ट्र प्रेरणा स्थल बसंत कुंज में माननीय गृह मंत्री व माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के भव्य समारोह कार्यक्रम व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा मण्डलवार तैयार किये गये विकास की गाथा एवं उपलब्धियों के वीडियो का सजीव प्रसारण तुलसीसदन





सभागार में देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया एवं उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना 24 जनवरी 1950 को आज ही के दिन हुई थी, पहले इस प्रदेश को संयुक्त प्रान्त के नाम से जाना जाता था, आजादी के बाद से इसे उत्तर प्रदेश के नाम जाना गया। इस बार उत्तर प्रदेश दिवस की थीम ÷विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत÷ पर आधारित है। उ.प्र. सांस्कृतिक, विरासत का गौरवशाली प्रदेश है, प्रत्येक जिले का अलग-अलग उत्पाद है, जनपद प्रतापगढ़ में एक जनपद एक उत्पाद में आंवला पूरे देश व दुनिया में प्रसिद्ध है। उ.प्र. हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में अटल इलेक्ट्रनिक बसे चल रही है जो आरामदायक, खूबसूरत व प्रदूषण मुक्त है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एएन प्रसाद, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये हुये अतिथियां का डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध: प्रतिभा कुशवाहा

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को बाबा बेलखरनाथ विकासखण्ड परिसर में राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनसुनवाई की व जनचौपल कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। महिला जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष 35 शिकायतें प्राप्त हुई। आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतें है उसका निस्तारण गम्भीरता पूर्वक अधिकारी करें और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जाये। उन्होंने जनचौपाल में लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। जन चौपाल के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि विभागों की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसका अवलोकन महिला आयोग की सदस्य व अन्य लोगों द्वारा किया गया। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं एक बच्चे का अन्नप्रासन कराया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, सीओ पट्टी, खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथ धाम सुरेन्द्र बहादुर सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) ने की जनसुनवाई, दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को कोहड़ौर थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज हुड्डा ने थाना प्रभारी धनन्जय राय और राजस्व विभाग की टीम के साथ जनसुनवाई की। भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, राजस्व से जुड़े मामले और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर फरियादी थाने पर पहुंचे। सीओ सिटी ने प्रत्येक शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है, ताकि लोगों को भटकना न पड़े और समय पर न्याय मिल सके। सीओ ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को जनसमस्याओं के समाधान में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों के साथ संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। सीओ ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम रखना प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। सीओ नगर द्वारा थाना दिवस पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान एवं जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए।

# समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं जन शिकायतें

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर सिन्दुरिया थाने में जन शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान कुल पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान दोषरहित गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण के उपरांत सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीनी विवादों के मामलों में लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस टीम को मौके पर उपस्थित रखा जाए, जिससे विवादों का त्वरित व निष्पक्ष समाधान हो सके। जमीनी विवाद से जुड़े भेड़िया निवासी छोटेलाल व विश्राम पुत्र यमुना तथा बरहडा निवासी किरन देवी पत्नी रामनरेश के मामलों में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी निचलौल से वार्ता कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा नव निर्मित थाना सेन्दुरिया का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण में प्रयुक्त बालू की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था से स्पष्टीकरण तलब किया। उल्लेखनीय है कि थाना भवन का निर्माण विशाल कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान थाना सेन्दुरिया के थानाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंधेरे में सुरक्षा की परीक्षा: महराजगंज में हुआ ब्लैकआउट मॉकड्रिल

## आपात परिस्थितियों से निपटने को लेकर नागरिक सुरक्षा तैयारियों की हुई परख, आधे घंटे रहा पूर्ण ब्लैकआउट

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

संभावित युद्धकालीन अथवा हवाई हमले जैसी आपात परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस लाइन, महराजगंज में वृहद ब्लैकआउट मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, महराजगंज के निर्देशन में सायं 06ः00 बजे से 06ः30 बजे तक आयोजित हुआ।

निर्धारित समय पर खतरे के सायरन (वेलिंग टोन) के साथ मॉकड्रिल की शुरुआत हुई। सायरन बजते ही पुलिस लाइन एवं आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद कर दी गई। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, वार्डनों एवं आपदा मित्रों ने त्वरित रूप से अपने-अपने दायित्वस्थलों पर पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी भवन से प्रकाश बाहर न जाए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर पूरे अभ्यास की निगरानी करते रहे। इस दौरान सायरन प्रणाली, संचार व्यवस्था तथा स्वयंसेवकों की प्रतिक्रिया समय की समीक्षा की गई, जो संतोषजनक पाई गई। अभ्यास के उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा का मूल आधार सतत सतर्कता और सेवा भावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्लैकआउट का उद्देश्य केवल बिजली बंद करना नहीं, बल्कि शत्रु के विमानों या मिसाइलों के लिए लक्ष्य पहचान को असंभव बनाना है। आधुनिक समय में शहरों और नागरिक ठिकानों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मॉकड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए मानसिक और व्यवहारिक रूप से तैयार करना है। इस अभ्यास में पुलिस, आपदा प्रबंधन बलों और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय देखने को



मिला, जो किसी भी आपात स्थिति में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

मॉकड्रिल के दौरान पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग, नागरिक सुरक्षा कोर, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं परिवहन विभाग ने आपसी समन्वय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन कार्यवाही, यातायात नियंत्रण तथा ब्लैकआउट अनुपालन का प्रतीकात्मक अभ्यास कराया गया। सुरक्षा वार्डनों ने गश्त कर नागरिकों को घरों में रहने तथा वाहनों की हेडलाइट बंद रखने के निर्देश दिए। सायं 06ः30 बजे ऑल क्लियर (स्टेडी टोन) सायरन बजने के साथ विद्युत आपूर्ति बहाल की गई और मॉकड्रिल का औपचारिक समापन हुआ। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की कि वे ऐसे अभ्यासों को गंभीरता से लें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में घबराहट से बचते हुए प्रभावी ढंग से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर जयन्ती पर निकली पद यात्रा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



शनिवार को भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर के 102 वीं जयन्ती पर ऑल इण्डिया महापद्मनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एशोसिएशन जिला संरक्षक ठाकुर प्रेमनन्दबंशी के संयोजन में दक्षिण दरवाजा से शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये शास्त्री चौक तक पद यात्रा निकाली गई और प्रभारी मंत्री आशीष पटेल को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह की मौजूदगी में ज्ञापन देकर जनपद मुख्यालय पर कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापना और पार्क निर्माण की मांग किया गया। मांगो को पूरा कराने के लिये इसके पूर्व डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया।

मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन संघर्षमय रहा। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होने राजनीति में सादगी का उदाहरण पस्तुत किया। इससे नई पीढी को प्रेरणा लेना चाहिये। उन्होने कहा कि जो मांगे प्रस्तुत की गई हैं उसे चरणबद्ध ढंग से प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जायेगा।

कहा कि केन्द्र सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर लम्बे समय से चल रही मांग को पूरा किया। अन्य सरकारों ने उनके योगदान को उपेक्षित किया। ठाकुर प्रेम नन्दबंशी ने कहा कि जनपद मुख्यालय पर कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापना और पार्क निर्माण की मांग को लेकर निरन्तर प्रयास जारी हैं। अनेक मांग और नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव पारित किये जाने की बावजूद अभी तक अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। उन्होने मांग किया कि प्रभारी मंत्री विशेष पहल कर मांगों को पूरा कराये।

ठाकुर प्रेम नन्दबंशी ने कहा कि जब तक समाज में विषमता, उत्पीड़न, शोषण का वैचारिक चरित्र जीवित है जननायक कर्पूरी ठाकुर प्रेरणा देते रहेंगे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर के 102 वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से रामकिशन शर्मा, आलोक ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, राम सुमेर यादव, राम नयन पटेल, राम सिंह, अपना दल जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल, शिवकुमार चौधरी, विजय कुमार ठाकुर, इं. अभिषेक शर्मा, उमाशंकर शर्मा, डा. हरिकेश नन्दबशी, ओंकार शर्मा, अभिषेक आर्या, निसार अहमद, प्रदीप पटेल राना, संजय चौधरी, बाबा ठाकुर, विजय पकाश ठाकुर, गुड्डू, अभय वर्मा, दयाशंकर शर्मा, कुलवेन्द्र शर्मा, संजय कुमार, राकेश कुमार ठाकुर, अयोध्या प्रसाद, ध्रुवचन्द्र, जगराम, आदित्य ठाकुर, शिवा ठाकुर, रामकिशोर ठाकुर, सोनू शर्मा, मनीष ठाकुर, मोहित ठाकुर, रवि शर्मा, सत्यम ठाकुर, सन्तोष शर्मा, अमित शर्मा, मदन कुमार शर्मा, घनश्याम, भवानी प्रसाद, राम दिनेश चौधरी, पारस, भवानी प्रसाद, घनश्याम शर्मा, आदित्य ठाकुर, चन्द्र प्रकाश गौतम, शिवपूजन पटेल, हरिश्चन्द्र ठाकुर, रामकुमार, विपिन शर्मा, वीरेन्द्र, के साथ विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

## उद्योगपति गौतम अदाणी 25 जनवरी को आएंगे मिर्जापुर

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

भावां। अदाणी ग्रुप की ओर से मड़िहान में लगाए जा रहे मेगा पावर प्लांट के निरीक्षण के लिए वरिष्ठ उद्योगपति गौतम अदाणी 25 जनवरी को जनपद आ रहे हैं। इसके लिए अदाणी ग्रुप के कर्मचारी तैयारी में जुटे हैं। पावर प्लांट क्षेत्र में हेलिपैड तैयार हो रहा है। वहीं सड़कों को दुरुस्त कराया जा रहा है। अदाणी समूह के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी के कई और अधिकारी पहुंच रहे हैं। जिले में कोयला आधारित 1600 मेगावाट का पावर प्लांट लगने जा रहा है। इसको लेकर यूपीपीसीएल और अदाणी पावर के अधिकारियों के बीच बिजली आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर भी किए जा चुके हैं। अदाणी पावर लिमिटेड मिर्जापुर के ददरी खुर्द गांव में प्रदेश का सबसे बड़ा कोयला आधारित थर्मल पावर स्थापित करने जा रहा है। अनुबंध के अनुसार, कंपनी ग्रीनफील्ड 2×800 मेगावाट (1600 मेगावाट) नए अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट से बिजली देगी। इसकी स्थापना प्रदेश में डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट (डीबीएफओओ) मॉडल के तहत की जाएगी। इससे प्रदेश की 2958 करोड़ रुपये की बचत होगी। इस परियोजना के लिए बिजली की दर 5.383 रुपये प्रति यूनिट तय हुई है, जो काफी किफायती रहेगी. इससे 25 साल में 2958 करोड़ रुपये की बचत होगी.

## लालती गर्ल्स जूनियर हाई स्कूलव पंडित प्रभाकर मिश्र इण्टर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी व विद्यालयी मेले का आयोजन





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर के लालती गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल और पंडित प्रभाकर मिश्र इंटर कॉलेज के संयुक्त प्रांगण में आज एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी और विद्यालयी मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य बातें

विज्ञान और व्यापार का संगम:- स्कूल के प्रबंधक शेषनाथ मिश्र ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाना और उनमें व्यापारिक कौशल विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में सरकारी नौकरी मिलना कठिन है, ऐसे में व्यापार के माध्यम से छात्र एक सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं।

छात्रों की मेहनत:- प्रदर्शनी में लगाए गए सभी स्टॉल और प्रदर्शित किए गए विज्ञान मॉडल छात्रों ने स्वयं तैयार किए थे। शिक्षकों और प्रबंधकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई।

विशिष्ट अतिथि:- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश यादव (प्रबंधक,जगवंती गर्ल्स इंटर कॉलेज) और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ओम प्रकाश चक्रवर्ती (ग्राम प्रधान, उत्तर पट्टी नेवढ़िया) उपस्थित रहे। साथ ही मोहम्मद सलीम सर और ग्राम प्रधान रामलोचन यादव अध्यापक सोनू चौबे ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्रतिभा को प्रोत्साहन:- प्रबंधक ने विशेष रूप से एक छात्र की प्रशंसा की जिसने पानी को शुद्ध करने का मॉडल बनाया था। उन्होंने घोषणा की कि इस छात्र को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रबंधक शेषनाथ मिश्र ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कुछ देरी हुई, लेकिन बच्चों का जोश कम नहीं हुआ है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों को और भी बड़े स्तर पर ले जाया जाएगा जिससे बच्चों को अपनी क्षमताओं को निखारने का और बेहतर मंच मिल सके।

## जमीन विवाद में दबंगों का कहर, घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर घायल





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जिले के सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में पुरानी आबादी की जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि करीब 20 साल पहले दबंगों ने उनकी दादी को बहला-फुसलाकर जमीन लिखवा ली थी, तभी से विवाद चला आ रहा है।

घटना उस समय भड़की जब परिवार के लोग शादी के काम के लिए अपने ही बांस के पेड़ कटवा रहे थे। इसी दौरान दबंगों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के जाने के बाद रात करीब 2:30 बजे दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं सहित अन्य परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान दबंगों द्वारा घर पर चढ़कर ईंट-पत्थर चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मारपीट में 85 वर्षीय कांति सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका हाथ टूट गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि सराय ख्वाजा पुलिस ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की, बल्कि उल्टा उन पर ही झूठे आरोप लगाए गए। स्थानीय पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित परिवार आज एसपी (कप्तान) कार्यालय पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने उचित जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट में दिलाई गई मतदाता शपथ



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल एवं कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उपस्थित सभी ने सामूहिक रूप से शपथ का वाचन करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार के प्रयोग का संकल्प लिया। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी लाल बहादुर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, शिवकुमार, महमूद अली, ई-मैनेजर प्रतीक उपाध्याय सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय कार्यक्रम में दिव्यांगों की स्थिति, समन्वय, सहयोग पर चर्चा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, इंडिया द्वारा आरसीआई से एक्रेडिटेड तीन दिवसीय ऑफलाइन सीआरई कार्यक्रम का आयोजन गोरखपुर स्थित 'राजकीय स्पर्श बालिका इंटर कॉलेज' में किया गया। इसमें बस्ती से लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष शिक्षकों के लिये ब्रेल साक्षरता कौशल संवर्धन पर विमर्श किया गया। नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, इंडिया द्वारा गोरखपुर में 'राजकीय स्पर्श बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय स्पर्श बालक इंटर कॉलेज', तथा लखनऊ में 'राजकीय स्पर्श बालिका एवं बालक इंटर कॉलेज' को 'कंप्यूटर एजुकेशन' हेतु निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में 'मुख्य अतिथि' के रूप में 'दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, गोरखपुर मंडल' के उपनिदेशक अनूप कुमार सिंह' उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि' के रूप में एनएबी इण्डिया के मानद सचिव गोपाल कृष्ण अग्रवाल', संत बली चौधरी जी' एवं 'श्रीमती प्रियंका सिंह कार्यकारिणी सदस्य, एनएबी इण्डिया की उपस्थिति रहीं। 'ऑनलाइन माध्यम' से एनएबी इण्डिया की 'कार्यक्रम समन्वयिका वंदना बरनवाल' एवं 'कोर्स कोऑर्डिनेटर जयश्री ठाकुर' भी कार्यक्रम से जुड़ी रहीं। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथियों का 'माल्यार्पण' किया गया। इसके बाद 'दृष्टिबाधित बालिकाओं' द्वारा 'सरस्वती वंदना' प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 'श्री जवाहरलाल जी', प्रधानाचार्य, राजकीय स्पर्श बालिका इंटर कॉलेज' द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। तीन दिवसीय सीआरई कार्यक्रम' के कोऑर्डिनेटर राम सुरेश द्वारा समन्वय किया गयाऔर विनोद कुमार उपाध्याय, रामजी शुक्ला, राजकुमार यादव, पुष्पेश आर्य' सहित कुल 50 अध्यापकों' ने सहभागिता की। संचालन 'राजकीय स्पर्श बालिका इंटर कॉलेज' के 'प्रवक्ता प्रदीप कुमार मिश्रा ने किया।

## गणतंत्र दिवस परेड की ग्रैंड रिहर्सल सम्पन्न, पुलिस लाइन में दिखा अनुशासन और शौर्य का अद्भुत संगम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य और गरिमामय बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस लाइन जौनपुर के परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस परेड की ग्रैंड रिहर्सल सम्पन्न हुई। इस दौरान जनपद के विभिन्न थानों एवं इकाइयों से आए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे अनुशासन, उत्साह और एकरूपता के साथ परेड का अभ्यास किया। ग्रैंड रिहर्सल में पुलिस बल की ड्रिल, टर्नआउट और समन्वय देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुख्य समारोह को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं प्रभावशाली ढंग से सम्पन्न कराना रहा। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 कौस्तुभ स्वयं परेड ग्राउंड में उपस्थित रहे और परेड का गहन निरीक्षण करते हुए सलामी ली। उन्होंने परेड की बारीकियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में सम्मिलित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की शपथ भी दिलाई गई। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर अनुशासन, एकता और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन ही पुलिस बल की सशक्त पहचान है।

## समाजवादियों ने जयन्ती पर जन नायक कर्पूरी ठाकुर को याद किया

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सादगी और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत कर राजनीति में जन नायक बने कर्पूरी ठाकुर को उनके जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को याद किया गया । सामाजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' कर्पूरी ठाकुर के योगदान पर प्रकाश डालते हुये सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर राजनीति में हमेशा अजेय ही रहे, वे कभी चुनाव नहीं हारे, एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री पद को शोभित हुए। उसके बाद अधिकतर समय उन्होंने विरोधी दल के नेता की भी भूमिका निभाई । कर्पूरी ठाकुर की ईमानदारी को इस बात से समझा जा सकता है कि जब उनका निधन हुआ तो उनके बैंक खाते में पांच सौ रुपए भी नहीं बचे थे वहीं जायदाद के नाम पर केवल एक खपरैल का पुराना मकान था। युवा पीढ़ी को देश के ऐसे समर्पित नेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिये। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

सपा विधायक कवीन्द्र चौधरी अतुल, दया शंकर मिश्रा , मो स्वाले राजाराम यादव, रविन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह 'छोटे', जावेद पिण्डारी, समीर चौधरी, मो. सलीम, संजय गौतम, हरेराम विश्वकर्मा, हरीश गौतम, राजेन्द्र चौरसिया, शनि मिश्रा, अजय यादव, रविचन्द यादव आदि ने कर्पूरी ठाकुर को नमन करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने बेटे को पत्र लिखकर सलाह दे दी थी कि वो इस बात से बिल्कुल प्रभावित ना हो कि उनके पिता मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने लिखा कि वो किसी के लोभ-लालच में ना फंसे.इससे उसके पिता की बदनामी होगी। आज ऐसे ही समर्पित नेताओं की देश को जरूरत है। वे ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल थे। कर्पूरी ठाकुर को नमन करने वालों में हनुमान प्रसाद चौधरी, अरविन्द सोनकर, प्रशान्त यादव, नितराम चौधरी, मोनू यदुवंश, रणजीत यादव, सुरेश यादव, कैश मोहम्मद, अशोक यादव, विजय पाल यादव, घनश्याम यादव, मंशाराम कन्नौजिया, रविकान्त निषाद, मो. हाशिम, पंकज निषाद, जोखूलाल यादव, तूफानी यादव, वीरेन्द्र यादव, बैजनाथ शर्मा, मधुबन यादव, गौरीशंकर यादव, जितेन्द्र यादव, उमाशंकर शर्मा के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शिक्षामित्र के सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय परिवार ने दी गई भावभीनी विदाई

- 20 साल की सेवा का सफर खत्मज्खाली हाथ लौटे शिक्षामित्र हरिश्चन्द्र तिवारी

**जन एक्सप्रेस बस्ती**





विकास क्षेत्र कुदरहा के प्राथमिक विद्यालय शिवपुर में शिक्षामित्र पद पर कार्यरत हरिश्चन्द्र तिवारी के सेवानिमृत होने पर शनिवार को विद्यालय प्रधानाध्यापक विनोद कुमार की अगुआई विदाई व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान चौरसिया ने किया व कार्यक्रम का कुशल संचालन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष आनंद दूबे ने किया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षामित्र हरिश्चन्द्र तिवारी को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व आर्थिक सहयोग देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षक नेता और अन्य शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षामित्र का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिन्ह और विभिन्न उपहार भी भेंट किए।

विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता आनंद दूबे ने कहा कि एक-एक कर शिक्षा मित्रों की सेवा अवधि पूर्ण हो रही है किन्तु उनकी समस्यायें यथावत बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि शिक्षा मित्रों की लम्बित मांगों पर उदारता से विचारकर समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। शिक्षामित्र हरिश्चन्द्र तिवारी के सरल स्वभाव, समयबद्धता और विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में उनके योगदान की सराहना किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान चौरसिया ने कहा कि शिक्षण कार्य से जुड़ा व्यक्ति कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। जीवनभर समाज को दिशा देने का कार्य करता है। कहा कि शिक्षामित्र हरिश्चन्द्र तिवारी का विद्यालय के प्रति समर्पण, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति प्रेम हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। हम उनके स्वस्थ, सुखद और शांतिपूर्ण जीवन की कामना करते हैं।

इस दौरान मुख्यरूप से ग्राम प्रधान घनश्याम, हिमन्द्री द्विवेदी, विजय गिरी, रोहित सिंह, रिंकू पाण्डेय, रवि पाल, भईयाराम राव, ओमकार नाथ चौधरी, अनूप सिंह, रोहित सिंह, कृष्ण कुमार, लालजी चौधरी, लाल बहादुर, डॉ सुनील यादव, राम पराग चौधरी, बाल कृष्ण त्रिपाठी, सुमन बाला त्रिपाठी, प्रदीप दूबे, अमित चौधरी, रामकृपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक /इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई–निविदा संख्या :** (1) NER-LJN-2026-07 **कार्य का नाम:** NER-LJN डिवीजन पचपेरवा:– 1. 2 bay वाले सार्वजनिक आश्रय की व्यवस्था 2. मौजूदा प्रतीक्षा कक्ष की मरम्मत 3. 20 आरसीसी तीन सीटों वाली बेंचों की व्यवस्था 4. स्टेशन भवन का नवीनीकरण कार्य। 5. जल हाइड्रेंट और मौजूदा यात्री शौचालय। **अनुमानित लागत (रु.) :** 1,12,43,939.23 **अग्रिम धन (रु) :** 2,06,200.00 **समापन अवधि :** 09 माह। **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-04** के लिये ई–निविदा दिनांक 11.02.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
मुजाधि/डब्लू–432 **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## जगदीशपुर में विक्षिप्त युवक का शव मिलने से मचा हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जफराबाद। क्षेत्र के जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार की सुबह एक विक्षिप्त युवक युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्यवाही कर रही है।

निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास किसी ने ऊक्त शव को देखकर पुलिस को सूचना दिया।सूचना पाकर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने शव को स्थानीय लोगों से चिन्हित करवाने का प्रयास किया।परन्तु उसकी शिनाख्त नही हो पायी।युवक टीशर्ट तथा फटा पैंट पहने हुए था।एक जैकेट भी उसके पास मिला। श्री शुक्ल ने बताया कि स्थानीय लोगों से पूछताछ से पता चला कि युवक विक्षिप्त था। वह हौज टोलप्लाज़ा से जगदीशपुर के बीच कई दिनों से टहलता नजर आ रहा था। सम्भवतः उसकी मौत ठंड लगने से हुई है।फिलहाल उसकी शिनाख्त नही नही है।उसके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में जौनपुर को बड़ी उपलब्धि

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनपद जौनपुर को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनपद के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद को यह प्रशस्ति प्रदान की गई।

जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को जनपद में नई गति मिली है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, ऋण स्वीकृति और उद्यम स्थापना में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई, जिसके परिणामस्वरूप जौनपुर प्रदेश में अग्रणी जिलों में शामिल हुआ।

सम्मान प्राप्त करने के बाद जिलाधिकारी ने इसे पूरी टीम की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, लीड बैंक मैनेजर अभय श्रीवास्तव, सभी बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग जयप्रकाश, अभियान से जुड़े अन्य अधिकारियों, उद्यमियों तथा मीडिया बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जनपद प्रशासन पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा और भविष्य में भी प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## मां विंध्यवासिनी दरबार में पौध महाप्रसादम का वितरण शुरू

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी दरबार में वसंत पंचमी से नई परंपरा का आगाज हुआ। यहां दर्शन के लिए आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं को महाप्रसादम के रूप में पौधे का वितरण शुरू हुआ। शुक्रवार को अभियान के पहले दिन 10 हजार पौधे बांटे गए। इसमें अमरुद, नींबू, कटहल, करौदा, आंवला व सहजन के पौधे शामिल रहे। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विंध्य धाम में पौध महाप्रसादम वितरण शुरू हुआ। अभियान का शुभारंभ आयुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश, जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्र और डीएम पवन कुमार गंगवार ने शुक्रवार को दर्शनार्थियों को पौध देकर किया।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

## डॉ. शक्ति बसु कन्नौज रत्न घोषित, काफी टेबिल बुक का भी विमोचन





**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थित में कलेक्ट्रेट परिसर में ÷उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2025÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भारत के गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण उपस्थित जनसमूह द्वारा देखा एवं सुना गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया तथा अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया।

इस दौरान कन्नौज के इतिहास एवं विरासत पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। कॉफी टेबल बुक के प्रकाशन में समन्वयक जिला पर्यटन अधिकारी डा0 एम0 मकबूल व सी0एम0 रिसर्च फेलो नमन दुआ तथा उसमें सहयोग प्रदान करने वाले विकास अवस्थी, अभिषेक दुबे, बृजेश चतुर्वेदी,

विकास कुशवाहा को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस पुस्तक का प्रकाशन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (पर्यटन विभाग) कन्नौज द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, कलाकारों, कृषकों, उद्यमियों एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं प्रतिभा सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत संस्कृति उत्सव-2026 की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में कृष्णा ने प्रथम, अनुष्का दुबे ने द्वितीय तथा प्रतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गायन प्रतियोगिता में कानपुर पब्लिक स्कूल प्रथम, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कन्नौज द्वितीय तथा सुजैन एवं अलैना तृतीय स्थान पर रहीं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अंकुश प्रथम, तुलसी द्वितीय एवं वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में कानपुर पब्लिक स्कूल, कन्नौज ने प्रथम, हीरालाल इंटर कॉलेज, कन्नौज ने द्वितीय तथा के0के0सी0एन0 इंटर कॉलेज, कन्नौज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें श्रेयश मिश्र प्रथम, खुशबू शर्मा द्वितीय एवं खुशी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएम श्रेष्ठा (ढ्ढढ्ढक्र353) योजना में निमिषा, इंस्पायर अवार्ड योजना में अल्का देवी तथा 53वीं बाल विज्ञान कांग्रेस (मंडल स्तर) में शायरा वक्श को सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षा के विविध आयामों में उत्कृष्ट योगदान हेतु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कन्नौज के प्राचार्य को 7-स्टार श्रेणी में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत अमन राठौर, अनिल कुमार एवं आशीष कुमार को सीएम युवा डमी चेक प्रदान किए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत माधुरी देवी, निर्मला देवी एवं रेखा को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। तारकशी विधा में राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित युवा उद्यमी श्री रामशंकर दोहरे को विशेष प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत प्रथम चैहान एवं आर्यन को लैपटॉप वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों दिलीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार एवं श्री संजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्राकृतिक एवं जैविक खेती में उत्कृष्ट योगदान हेतु श्री यशकरन सिंह एवं श्री राकेश कटियार को सम्मानित किया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 शक्ति बसु को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को शंकर सब्जी बीज वितरित किए गए। खादी ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत खादी प्रोत्साहन नीति की प्रधान पुरस्कार योजना के 8 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 में योगी के नेतृत्व में सरकार बनी, तब से उत्तर प्रदेश दिवस भव्य रूप से मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की प्रतिभाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं विकास यात्रा को सम्मान देने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, कानून-व्यवस्था एवं सुशासन के क्षेत्र में प्रदेश को नई दिशा दी है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकारी विद्यालयों में निजी विद्यालयों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। बहन-बेटियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसानों की समृद्धि एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं तथा प्रदेश से गुंडाराज समाप्त कर सुरक्षित वातावरण स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समयबद्ध लाभ प्राप्त हो सके। कहा कि कल जनपद में मतदाता दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन भी किया जायेगा।

# गौशाला में भूख से परेशान जानवर, इलाज के अभाव में तोड़ रहे दम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक बांकेगंज ग्रांट नंबर 10 का एक मामला सामने आया है जहां जानवरों की खाने की व्यवस्था चोकर और इलाज के लिए दवाइयां सत्यापन पशु चिकित्सा अधिकारी जब जानवरों का समुचित रखरखाव नहीं करवा पा रहे हैं इसी कारण गौशाला के जानवरो का अत्यंत कमजोर और घायल अवस्था में तड़प, तड़प कर अपना दम तोड़ देते हैं सबसे बड़ी बात तो यह है कि गौशाला में सरकारी डॉक्टर मौके पर ना पहुंच कर अपने प्राइवेट झोला छाप डॉक्टर को भेज कर निरीक्षण करवाते हैं जबकि उन्हें जानवरों के बारे में कुछ पता ही नहीं होता है फिर भी अपना इलाज जारी रखते हैं झोलाछाप डॉक्टर इस दौरान शासन द्वारा भेजा गया लाखों रुपए का बंदर बांट आपस में कर लेते हैं। ग्राम पंचायत ग्रांट नंबर 10 के सचिव योगेश वर्मा व गौशाला प्रबंधन समिति द्वारा लाखों रुपए का बंदर बांट आपस में कर लिया जाता है। अगर किसी अधिकारी से कहो तो क्यों करते है टालमटोल बांकेगंज के अधिकारी बने जान के अंजान सेक्रेटरी सचिव और ब्लॉक के मुख्य अधिकारी वीडियो इस घोटाले में काफी यह तक सम्मिलित हैं अगर गौशाला के सभी रजिस्टरों की हो जाए जांच तो खुलकर घोटाले का होगा पर्दाफाश हो सकता लेकिन कौन करेगा जांच। डबल इंजन की सरकार में गांव गो वंशों की क्यों हो रही है मृत्यु क्या नाम की है सरकार बड़े-बड़े तवे करने वाली सरकार के तबीयत खोखले नजर आ रहे हैं भाजपा सरकार के दावे बड़े लेकिन कम जीरो इस सरकार में काफी बढ़ गया है भ्रष्टाचार, चारा न चिकित्सा- गौशालाओं भूख-प्यास से तड़पकर दम तोड़ रहे गोवंश, तस्वीरें बयां कर रही हकीकत, बेसहारा गोवंशों के संरक्षण के लिए जिले में ब्लाक व गांव स्तर पर सैकड़ों गोशालाएं संचालित हो रही हैं, लेकिन यहां न चारा है न चिकित्सका। ऐसे में सैकड़ों गोवंश तड़पकर दम तोड़ रहे हैं। विकास खंड के जो बल्दीपुर मरघट के पास स्थित है गो आश्रम स्थित जहां पर इन दोनों चार और चिकित्सा के अभाव में गोवंश दम तोड़कर सरकारी दावों की पोल खोल रहे हैं लग रहा है इन दिनों उनकी देखभाल अधिकारियों की प्राथमिकता पर नहीं है बेसहारा गोवंशों के संरक्षण के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं इसके उनके संरक्षण से लेकर खाने व चिकित्सक तक की व्यवस्था नहीं है लेकिन बांकेगंज ब्लॉक ग्राम पंचायत 10 के अधिकारी सेक्रेटर सचिव वीडियो अहिरवार आदि इस घोटाले में सम्मिलित हैं सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित है, इन गौशाला में प्रति महीना लाखों रुपए भूसे चोरी-चोकर व कर्मचारियों वह चिकित्सा सुविधाओं पर खर्च किया जाता है, मगर यहां गोवश इलाज और भूख से तड़पकर दम तोड़ रहे हैं जिन्हें देखने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है, बेसहारा गोवंशो के संरक्षण के लिए जिले में ब्लैक व गांव स्तर पर सैकड़ो गौशालाएं संचालित हो रही है लेकिन इन गोशालाओं की देखरेख के नाम पर सिर्फ कागजी पत्र ही दौड़े जाते हैं जबकि धरातल पर गोवंश भूख और इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं,अगर अधिकारियों की टीम मौके पर भेज कर औचक निरीक्षण कराया जाए कई खामियां नजर आएंगे तो वही एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी से वार्ता की गई तो उन्होंने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया आदेश और कहा की खुद आकर गौशाला का निरीक्षण करेंगू अगर कोई भी खामियां पाई गई तो उचित कार्रवाई की जाएगी लेकिन देखना अब यह है कि एसडीएम साहब कब तक कार्रवाई करती हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की ठगी




**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। जिले में विदेश भेजने के नाम पर भोले-भाले किसानों से करोड़ों रुपये की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। यहां सैकड़ों अवैध ढ्ढश्वरुञ्जस् सेंटर ग्रामीण युवाओं और किसानों को विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ रहे हैं।इन ठगों के जाल में फंसकर कई किसानों ने अपनी जमीन तक बेच दी है। हालांकि, न तो वे विदेश जा पाए और न ही उन्हें ठगे गए पैसे वापस मिले। पीड़ित किसान न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, जबकि संबंधित विभाग और प्रशासन इस मामले पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष ने इस पूरे प्रकरण को किसानों के जीवन से जुड़ा एक गंभीर अपराध बताया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इस मामले का संज्ञान लेने, अवैध ढ्ढश्वरुञ्जस् सेंटरों को बंद कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।संगठन ने उन सभी किसानों से सामने आने की अपील की है जिनके साथ विदेश भेजने के नाम पर ठगी हुई है।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पूरी जिला टीम पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## कर्पूरी ठाकुर कर की जन्मजयंती मनाई गई



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित मिश्रा लॉन में कपूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर सविता समाज का एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर सविता समाज के गणमान्य वरिष्ठ लोगों ने भाग लिया और कपूरी ठाकुर के जन सेवा को समर्पित जीवन और कार्यों को याद किया कार्यक्रम में सभासद अशोक सविता, डॉक्टर अरुण सविता, दिलीप सविता, श्याम बाबू सविता, शिव शंकर सविता, डॉक्टर दीपक सविता, योगी और राणा सहित अन्य वरिष्ठ लोग उपस्थित हुए उन्नाव से नगर पालिका के सभासद राजेश सविता और अजीत सविता एडवोकेट भी इस अवसर पर उपस्थित हुए और कार्यक्रम में कपूरी ठाकुर के जीवन और जनसेवा के समर्पित कार्यों पर चर्चा हुई और उनसे प्रेरित आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया गया सविता समाज के लोगों ने कपूरी ठाकुर की जन्मजयंती पर उनके प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कपूरी ठाकुर के सपनों को साकार करने के लिए एकजुट होने का भी संकल्प लिया।

# पुलिस की मनमानी से त्रस्त महिला दर-दर भटकने को मजबूर

## थाना मझगई पुलिस पर गंभीर आरोप, जानलेवा हमले के बाद नहीं न्याय

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**



थाना मझगई पुलिस की संवेदनहीनता और मनमानी को उजागर करने वाला एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के ग्राम धोबी पुरवा मजरा छेदुई पतिया निवासी अर्चना देवी पत्नी ब्रजमोहन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 16 जनवरी 2026 को उस पर जानलेवा हमला किया गया। हमले में वह बाल-बाल बच गई, लेकिन हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं।घटना के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर थाना मझगई पहुंचकर पूरी घटना से पुलिस को अवगत कराया। पीड़िता को उम्मीद थी कि पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करेगी और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट निकली। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने न तो आरोपियों की गिरफ्तारी की और न ही कोई ठोस कानूनी कदम उठाया।आरोप है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को नजरअंदाज करते हुए केवल औपचारिकता निभाने के लिए हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अपना पल्ला झाड़ लिया। इससे न केवल पीड़िता का मनोबल टूटा, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बुलंद हो गए। पीड़िता का कहना है कि अब उसे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, जिसके चलते वह अपनी जान बचाने के लिए मायके में शरण लेने को मजबूर है।

पीड़िता के पति ब्रजमोहन ने बताया कि हम दोनों भय के माहौल में जीवन जी रहे हैं। पत्नी मायके में है और मैं खुद गांव में रहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा हूँ। उन्होंने कहा कि जब थाना स्तर पर न्याय नहीं मिला तो अब वे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष पूरे प्रकरण की शिकायत लेकर जाएंगे।

यह मामला प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही योजनाओं और अभियानों की जमीनी सच्चाई को उजागर करता है। एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर थाना स्तर पर पीड़ित महिलाओं की आवाज दबाई जा रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि जानलेवा हमले की शिकार महिला को ही न्याय न मिले और उसे घर छोड़कर पलायन करना पड़े, तो फिर महिला सुरक्षा के दावे कितने खोखले हैं। स्थानीय लोगों में भी पुलिस की भूमिका को लेकर रोष व्याप्त है और वे निष्पक्ष जांच व आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# डंपर की चपेट में आधा दर्जन मवेशी



## 3 की मौत घायल चरवाहा सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने आधा दर्जन मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मरणासन्न हैं। मवेशी ले जा रहा किशोर भी डंपर की चपेट में आने से घायल हो गया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र में नवई बाबाकुटी के निकट अजगैन-मोहान मार्ग पर नवई गांव निवासी शिवम 16 पुत्र राजाराम शनिवार दोपहर अपने आधा दर्जन मवेशी चराने खेतों की ओर ले जा रहा था। तभी मोहान से अजगैन की ओर आ रहे डंपर ने पीछे से मवेशियों को रौंद दिया। हादसे में शिवम घायल हो गया, जिसे पहले नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मवेशियों की मौत की खबर फैलते ही परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने अजगैन-मोहान मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर अजगैन व हसनगंज पुलिस पहुंची, लेकिन परिजन नहीं माने। इसके बाद हसनगंज सीओ अरविंद चौरसिया ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही व मदद का आश्वासन दिया, जिससे जाम शांतिपूर्ण ढंग से खुल गया।

पशु चिकित्साधिकारी लखनापुर की टीम ने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कर जेसीबी से सड़क किनारे दफनाया। मौके से भाग रहे डंपर व चालक को पुलिस ने कठेरवा फाटक के पास पकड़कर अजगैन कोतवाली ले गई।

सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि डंपर व चालक को कब्जे में लेकर आक्रोशित परिजनों को समझाया। जाम खुलवा दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# न्याय पंचायत गौरा एवं पकरिया ग्राम अग्गर बुजुर्ग में मनरेगा बचाओ संग्राम की चौपाल का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



शनिवार को न्याय पंचायत गौरा एवं न्याय पंचायत पकरिया ग्राम अग्गर बुजुर्ग में मनरेगा बचाओ संग्राम की चौपाल का आयोजन किया गयारामपाल शाक्य जिला महासचिव कोऑर्डिनेटर 140 विधानसभा श्रीनगर ने बताया मनरेगा आपके काम करने के संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करता है। मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है। कांग्रेस की सरकार हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी। आपको न्याय पंचायत के माध्यम से अपने ही गांव के विकास के लिए काम मिलता था आपके काम में मनरेगा मेट और रोजगार सहायकों का सहयोग मिलता था आपकी मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिंता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध करती थी। मोदी सरकार में आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी काम केवल मोदी सरकार द्वारा चुने गए गांव में ही मिलेगा तब आप कहां और क्या काम करेंगे यह मोदी सरकार अपने पसंदीदा ठेकेदारों के माध्यम से मनमाने ढंग से तय करेगी। मोदी सरकार ने मजदूरों की रोजी-रोटी छीनने का काम कर रही है यह गरीबों की विरोधी है।देश के करोड़ों मजदूरो को रोजगार से वंचित किया जा रहा है। लतीफ आजम अंसारी पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल ने बताया की 2027 मैं जनता बदलाव चाहती है सभी मजदूर मिलकर इस मोदी सरकार को उखाड फेके कांग्रेस की सरकार बनाएं। इस मौके पर सैफ अली नकवी हकीक खान वसीम अतीक मोहम्मद आरिफ मोहम्मद अली सलामत सुरेंद्र कुमार जावेद अली ताहिर अली रामू, सिराज अली इरशाद अली न्याय पंचायत गौर से लालता प्रसाद अखिलेश कुमार शमीम नीरज कुमार उमेश कुमार लियाकत अली घर भरन संतोष कुमार मुस्ताक अली रामविलास मनीराम सावित्री देवी मनोरमा देवी बेचेलाल सुनील कुमार मनीष कुमार लल्लू राम राजकुमारी देवी आदि मनरेगा के लेबर मौजूद रहे।

# दिखने लगा है हिंदू समाज के जागरण का स्वरूप : कौशल किशोर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को मंजीठा स्थित नागदेवता मंदिर के निकट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (अवध क्षेत्र) के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने हिंदू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए समाज, राष्ट्र और परिवार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर पंच परिवर्तन के मायने समझाए। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने सनातन परंपराओं एवं संस्कृति की रक्षा एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण करने के लिए 1925 में आरएसएस की स्थापना की थी। उन्होंने स्वयं सेवकों को पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन की ओर बढ़ने का आह्वान किया। पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख आयाम स्वदेशी बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता व कुटुम्ब प्रबोधन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इसे समाज में सशक्त रूप से लागू किया जाए तो भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी का बोध केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का विषय नहीं है। बल्कि यह हमारी संस्कृति,परंपरा और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग होकर ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति सुरक्षित रह सके।

सामाजिक समरसता से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच व भेद भाव मिटेगा तथा सद्भाव की स्थापना होगी। वहीं कुटुम्ब प्रबोधन भारतीय परिवार व्यवस्था को मजबूत करेगा। जो वर्तमान समय में एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण चुनौती का सामना कर रही है।

कहा कि संस्कारों के अभाव में परिवार टूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। स्वयंसेवकों एवं हिन्दू समाज का कर्तव्य है कि वे समाज को एकजुट रखें व किसी भी प्रकार की टूट-फूट को रोकें। प्रांत प्रचारक ने जोर देते हुए कहा कि संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव है।

उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज के जागरण का विराट स्वरूप अब दिखने लगा है। उन्होंने किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति, भाषा, संपत्ति या सामाजिक स्थिति के आधार पर न करने की सलाह दी। उनका कहना था कि यह देश उन सभी का है जो सनातन संस्कृति एवं परंपराओं का सम्मान करता है और यही भावना सच्ची सामाजिक समरसता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता की पहली शर्त मन से भेदभाव की भावना को खत्म करना और हर व्यक्ति को अपना समझना है। उन्होंने हिंदू समाज से अपील की कि वे आपसी समझ को बढ़ाएं, संकट के समय एक-दूसरे का सहारा बनें और देश के इतिहास व पूर्वजों को जानने का प्रयास करें। कहा कि हिन्दू समाज में आपसी भेदभाव का फायदा उठाकर विदेशी आक्रांताओं ने एक हजार वर्षों तक भारत पर अत्याचारी शासन किया। अध्यक्षता पूज्य महंत शिवदास ने की। सम्मेलन को प्रांजल दास महाराज एवं अधिवक्ता सुरेश गौतम ने भी बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं समरसता भोज से हुआ। संचालन आशीष सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक रवि प्रकाश, सह जिला कार्यवाह पारितोष, आदित्य, योगेन्द्र, अनुज, ऋषिकेश, अंकित, अमन सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हमारी जीवंतता को समृद्ध करती लोक भाषाएं : प्रो. चतुर्वेदी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरख के प्रांगण में शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्उत्तर प्रदेश लोक संस्कृति- एक परिचय विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश भारतीय लोक संस्कृति का हृदय स्थल है।

# हिमाचल में बर्फ भारी, 5 एनएच समेत 563 सड़कें बंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला/धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में चार महीने से जारी सूखे का दौर भारी बर्फबारी और बारिश के साथ खत्म हो गया है। मौसम विभाग के अलर्ट के बीच शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाके बर्फ से लकदक हो गए। पहाड़ों की रानी शिमला, मनाली, डलहौजी और चायल जैसे पर्यटन स्थलों में सीजन का पहला हिमपात हुआ है। हिमाचल के निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले भी गिरे हैं। भारी बर्फबारी-बारिश के चलते पांच नेशनल हाईवे समेत प्रदेश में 563 सड़कें बंद हो गई हैं। अपर शिमला समेत प्रदेश के कई इलाके कट गए हैं। विभिन्न स्थानों पर हजारों पर्यटक फंस गए हैं। कुफरी-फागू से 100 और आनी के रघुपुरगढ़ से 48 को किया रेस्क्यू किया गया है। प्रदेश में 10,384 ट्रांसफार्मर ठप होने से सैकड़ों गांवों में बिजली नहीं है। बारिश-बर्फबारी से फसलों को संजीवनी के साथ पर्यटन को भी पंख लगने की उम्मीद है। शुक्रवार को भी शिमला-मनाली में पर्यटकों ने बर्फबारी के बीच मस्ती की। उधर, मनाली और बंजार उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है। मनाली विंटर कार्निवल के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।



### शिमला में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया

शिमला, मंडी, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और चंबा जिले के कई क्षेत्रों में दिनभर बर्फबारी का दौर जारी रहा। शिमला, लाहौल-स्पीति में बर्फीला तूफान भी चला। तूफान के बीच भारी बर्फबारी के चलते शिमला में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। राजधानी की सड़कों पर भी सैकड़ों पर्यटक वाहन बर्फ में घंटों फंसे रहे। आनी-कुल्लू, शिमला-किन्नौर, मनाली-लेह, हाटकोटी-पांवटा साहिब व चंबा-भरमौर एनएच समेत सैकड़ों सड़कें बंद होने से परिवहन सेवाएं भी ठप हो गई है। सैकड़ों बसें जगह-जगह फंसी है। दूध, ब्रेड और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित रही। बर्फबारी-बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शिमला, मनाली और डलहौजी में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया।

### कुल्लू और लाहौल के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन का खतरा

हिमालयी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बर्फबारी के बीच कुल्लू और लाहौल में हिमखंड गिर सकते हैं। अगले 24 घंटों में कुल्लू और लाहौल में 2,200 मीटर से ऊपरी इलाकों में हिमखंड गिरने का अलर्ट है। 25 जनवरी तक हिमखंड का खतरा बताया है। मनाली-लेह मार्ग के क्लाथ, नेहरूकुंड, कुलंग, पलचान, कोठी से रोहतांग दर्रा, कोकसर-सिस्सू-तांदी, तांदी-केलांग-दारचा रूट के अलावा दारचा-पटसेउ-जिंगजिंगबार, अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू-तांदी, जिंगजिंगबार व बारालाचा, सरचू के बीच हिमखंड गिर सकते है।

### 27 को फिर भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

हिमाचल प्रदेश में शनिवार और रविवार को हल्की बर्फबारी और बारिश के आसार हैं। मैदानी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। 26 जनवरी से प्रदेश में दोबारा नया पश्चिमी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके चलते 27 जनवरी को उच्च और मध्य पर्वतीय जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, मंडी और शिमला के कई क्षेत्रों में भारी बर्फबारी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है जबकि ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में बारिश की संभावना है। 28 जनवरी को बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी हुआ है।

### शिमला में तीन साल बाद एक दिन में हुई पूरे महीने की बर्फबारी

राजधानी शिमला में शुक्रवार को तीन साल बाद जनवरी के दौरान एक दिन में पूरे महीने की बर्फबारी दर्ज हुई। शिमला में शुक्रवार को 25.3 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। इससे पूर्व साल 2023 के पूरे जनवरी के दौरान शहर में 9 सेंटीमीटर, 2024 में शून्य और 2025 में 12.6 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज हुई थी। इस बार सीजन की पहली ही बर्फबारी 20 सेंटीमीटर हुई है। राजधानी में बीते कई माह से बारिश का इंतजार था। बारिश की जगह शहर में शुक्रवार तड़के सीधे बर्फबारी ही हुई।

### मनाली में मरीज की मौत सोलन में किशोरी पर आ गिरी चट्टान

भारी बारिश, बर्फबारी से प्रदेश में चार लोगों की जान चली गई। प्रीणी से मनाली के लिए रेफर ऊना निवासी मरीज की जाम में फंसने से मौत हो गई। कांगड़ा के डमटाल में भी एक व्यक्ति की ठंड से मौत का अंदेशा है। सोलन में 15 साल की किशोरी की चट्टान के नीचे दबने से जान चली गई। मंडी में हाइवा के खड्ड में गिरने से ट्रक चालक की मौत हो गई। सोलन जिले के गोल गांव में बारिश के दौरान चट्टान गिरने से 15 साल की किशोरी चपेट में आ गई।

### निचले क्षेत्रों में 25.4 सेंटीमीटर हिमपात हुआ

खराब मौसम के चलते शुक्रवार को कांगड़ा, कुल्लू और शिमला हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द रहीं।



कालका-शिमला ट्रैक पर पेड़ गिरने से तीन से चार घंटे तक ट्रेनें बाधित रहीं। चौहार घाटी व छोटा भंगाल के सभी गांवों में दो से 20 सेंटीमीटर तक बर्फबारी रिकार्ड की गई है। चंबा जिले के पांगी की ऊपरी चोटियों में शुक्रवार को एक से डेढ़ फीट और निचले क्षेत्रों में 25.4 सेंटीमीटर हिमपात हुआ। तेज हवाएं चलने से भरमौर की गाण, सुनारा और छतराड़ी पंचायतों में 12 मकानों की छतें उड़ गईं। लाहौल का संपर्क कुल्लू से कट गया है। लाहौल में 200 से अधिक से सड़कें और 85 बिजली के ट्रांसफार्मर बंद हैं। कमरूघाटी में अंधड़ से कई घरों की छतें उड़ गईं। कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर और मंडी समेत प्रदेश भर में बारिश हुई है। शिमला समेत विभिन्न स्थानों पर प्रशासन ने बर्फ हटाने के लिए मशीनरी तैनात कर दी है। लोक निर्माण विभाग और विद्युत बोर्ड की टीमें सड़क बहाली और बिजली आपूर्ति सुचारु करने में जुटी हैं। लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने और मौसम विभाग की चेतावनी का पालन करने की अपील की गई है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर पर अपने बयान के लिए नहीं मांगूंगा माफी', शशि थरूर बोले, कभी नहीं छोड़ा पार्टी का रुख

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने संसद में कभी भी पार्टी के रुख का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैद्धांतिक रूप से उनकी एकमात्र सार्वजनिक असहमति ऑपरेशन सिंदूर को लेकर थी। थरूर केरल लिटरेचर फेस्टिवल में आयोजित एक सत्र के दौरान सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने सख्त रुख अपनाया था और वह इस अब भी बिना किसी पछतावे के इस रुख पर कायम हैं।



### थरूर को लेकर क्या अटकलें लगाई जा रहीं?

उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके मतभेद चल रहे हैं। इन अटकलों में यह भी शामिल है कि कोच्चि में हुए एक हालिया कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से उन्हें पर्याप्त महत्व न दिए जाने और राज्य के नेताओं की ओर से कई बार उन्हें किनारे लगाने की कोशिशों से वे नाराज हैं।

### पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई को लेकर क्या बोले?

शशि थरूर ने कहा कि भारत का मुख्य ध्यान विकास पर है और उसे पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष में नहीं फंसना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कार्रवाई हो, तो वह केवल आतंकवादी ठिकानों तक ही सीमित रहनी चाहिए। थरूर के मुताबिक, उन्हें हैरानी हुई कि भारत सरकार ने वही कदम उठाए, जिनकी उन्होंने सिफारिश की थी।

### 'अगर भारत मर गया, तो कौन जिएगा?'

उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने ही वह प्रसिद्ध सवाल उठाया था- अगर भारत मर गया, तो कौन जिएगा? थरूर ने कहा, जब भारत की प्रतिष्ठा दांव पर हो, जब भारत की सुरक्षा और दुनिया में उसकी जगह का सवाल हो, तब भारत सबसे पहले आता है। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर भारत के निर्माण की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब राष्ट्रीय हितों की बात हो, तो भारत को सर्वोपरि रखना चाहिए।

### पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर थरूर ने क्या कहा?

अपने रुख को स्पष्ट करते हुए थरूर ने कहा कि एक पर्यवेक्षक और लेखक के रूप में उन्होंने पहलगाम की घटना के बाद एक अखबार में लेख लिखा था। उस लेख में उन्होंने कहा था कि बिना सजा दिए इस मामले को नहीं छोड़ा जाना चाहिए और इसके जवाब में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## पंजाब में गणतंत्र दिवस से पहले धमाका
### सरहिंद में रेलवे की आउटर लाइन पर ब्लास्ट, सुरक्षा अधिकारी घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस से पहले पंजाब में रेल लाइन पर धमाका हुआ है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे सरहिंद रेलवे स्टेशन की एक आउटर लाइन पर इंजन के गुजरने के दौरान धमाका हुआ। देर रात करीब 11 बजे इसकी सूचना राजकीय रेलवे पुलिस को दी गई। हमले में एक लोको पायलट के घायल होने की भी सूचना है। जीआरपी ने इस संदर्भ में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके से कुछ सबूत जुटाए हैं ताकि फॉरेंसिक जांच के बाद यह मालूम किया जा सके कि यह धमाका किसी आतंकी साजिश का हिस्सा था या नहीं। रोपड़ रेंज के डीआईजी नानक सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस का यह भी मानना है कि यह धमाका इंजन में ही किसी तकनीकी खराबी के चलते भी हो सकता है। रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञ इस बात की जांच भी कर रहे हैं। इस धमाके से इंजन के शीशे टूट गए हैं जबकि ट्रैक को भी थोड़ा नुकसान हुआ है। पुलिस जांच जारी है क्योंकि गणतंत्र दिवस नजदीक है और सुरक्षा एजेंसियों ने किसी बड़ी घटना का अलर्ट जारी किया हुआ है। इसके चलते पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। वहीं पुलिस के अनुसार, इस धमाके में मालगाड़ी के सुरक्षा अधिकारी अनिल शर्मा (सेफ्टी ऑफिसर, डीएफसीसी) को बहुत मामूली चोट आई थी और वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। यह धमाका उस रेलवे पटरी पर हुआ है, जहां से केवल मालगाड़ियां ही गुजरती हैं। आम जनता या यात्री ट्रेनों को लेकर किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है।



### रेलवे लाइन पर हुए ब्लास्ट की खबर से बहुत चिंतित

वहीं शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल ने कहा कि सरहिंद के पास रेलवे लाइन पर हुए ब्लास्ट की खबर से बहुत चिंतित और हैरान हूं। ऐसी घटनाएं चिंताजनक हैं और दशकों की अशांति के बाद बहाल हुई शांति और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। मैं घायल के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि यह घटना मौजूदा सरकार के तहत पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का एक और साफ संकेत है। इस तरह के खुले हमलों को रोकने में बार-बार नाकामी अस्वीकार्य है और इसके लिए तुरंत जवाबदेही तय होनी चाहिए। यह घटना गणतंत्र दिवस से दो दिन पहले हुई, जब आप सरकार कुख्यात तत्वों के खिलाफ एक बड़े अभियान चलाने का दावा कर रही है।

### राजनीति भी गरमाई

सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास धमाके के बाद प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि रेलवे ट्रैक के पास धमाका कोई आम अपराध नहीं है। ये पंजाब को अस्थिर करने और डर फैलाने की जानबूझकर की गई कोशिश हैं। असली सवाल यह है कि इस अराजकता से किसे फायदा हो रहा है, और राज्य इसे रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है?

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस लाइन में फुल ड्रेस रिहर्सल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। आगामी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 2026 के मद्देनज़र शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद स्थित पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल का निरीक्षण स्वयं पुलिस आयुक्त द्वारा किया गया, जबकि परेड कमांडर की जिम्मेदारी डॉ. एस. दीप्ति चौहान (आईपीएस) ने निभाई। रिहर्सल के दौरान पुलिस बल की विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासन, तालमेल और उत्कृष्ट ड्रिल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सुसंगठित मार्च पास्ट ने पुलिस बल की तैयारियों और पेशेवर दक्षता को दर्शाया। परेड के प्रत्येक चरण में समयबद्धता, समन्वय और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए हर पहलू की गहन समीक्षा की जा रही है। रिहर्सल के माध्यम से न केवल परेड बल्कि मंच संचालन, सुरक्षा घेरा, यातायात व्यवस्था और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया गया। पुलिस आयुक्त ने रिहर्सल के उपरांत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक समारोह नहीं बल्कि राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, इसलिए आयोजन में गरिमा, अनुशासन और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। इस अभ्यास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह, सम्मान और शांति के साथ संपन्न हो।

### श्रीराम कथा का आयोजन 25 जनवरी से

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। कविनगर स्थित रामलीला मैदान 25 जनवरी से 1 फरवरी तक धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के एक ऐतिहासिक साक्षी बनेगा। मंगलमय परिवार गाजियाबाद द्वारा कविनगर स्थित रामलीला मैदान में 25 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होने वाली संत विजय कौशल महाराज की भव्य श्रीराम कथा धार्मिक आयोजन होगा । यह आस्था, भक्ति, संस्कृति और राष्ट्रभाव का एक विराट संगम सिद्ध होगी। संस्था के अध्यक्ष सचिन सिंघल व संयोजक मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस सात दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव के दौरान राम भक्तों को श्रीराम मंदिर की तर्ज पर निर्मित विशेष परिसर में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने व राम कथा श्रवण करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। यह परिसर इतनी भव्यता, दिव्यता और सौंदर्य के साथ तैयार किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में उपस्थित होने जैसा संजीवनी अनुभव होगा। प्रतिदिन सांय 4 बजे से 7 बजे तक रामलीला मैदान, कविनगर में होगा । इस कार्यक्रम का एक और अनूठा आकर्षण आंध्र प्रदेश से लाई जा रही पांच पुंगनूर गौ माता होंगी। विशेष ऐतिहासिक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगी, जो अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए चले लगभग 500 वर्षों के संघर्ष पर आधारित होगी। इस प्रदर्शनी में बाबा सत्य नारायण मौर्य द्वारा संकलित ऐतिहासिक सामग्री को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

## गाज़ियाबाद में एमएसएमई विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अंतर्गत मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप एंड प्रोफेशनल स्किल ने आज आईएआईए गाजियाबाद के सहयोग से जनपद गाज़ियाबाद में एमएसएमई विकास पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्योगों के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना तथा उद्यमियों को आवश्यक कौशल एवं ज्ञान प्रदान करना था। कार्यशाला में पर्यावरण, सामाजिक एवं शासन जैसे विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए तकनीकी उन्नयन जेडईडी प्रमाणन एवं उसके लाभ, क्लस्टर आधारित विकास तथा डिजिटलाइजेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया। वक्ताओं ने एमएसएमई क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों एवं अवसरों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए जिला समन्वयक आलोक राय ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की अपार क्षमता है। कार्यशाला में गाज़ियाबाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव, हर्ष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग एवं नीरज सिंघल, पूर्व अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## सोने की तस्करी की नई कोशिश नाकाम, 2.89 करोड़ का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कूरियर के जरिये सोने की तस्करी की एक नई कोशिश को नाकाम कर दिया है। डीआरआई ने रियाद से मुंबई के इंटरनेशनल कूरियर टर्मिनल पहुंचे एक कूरियर पार्सल से विदेशी मूल का 1.815 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जिसकी कीमत 2.89 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह सोना मांस पीसने की मशीन (मीट ग्राइंडर) के अंदर बेहद चालाकी से छिपाया गया था। कूरियर पार्सल की गहन जांच और मीट ग्राइंडर को खोलने के बाद डीआरआई अधिकारियों ने मशीन के अंदर लगे गियर को तोड़ा। इसके भीतर अलग-अलग आकार के सोने के 32 कटे हुए टुकड़े छिपाकर रखे गए थे। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत कुल 1,815 ग्राम सोना और उसे छिपाने में इस्तेमाल की गई मीट ग्राइंडर मशीन को जब्त कर लिया गया।

## इंदिरापुरम में शिप्रा कृष्णा विस्टा की लिफ्ट में मरीज फंसा

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित शिप्रा कृष्णा विस्टा प्लाजा में एक बार फिर लिफ्ट सुरक्षा को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। सोसायटी की लिफ्ट में एक मरीज घंटों तक फंसा रहा, जिससे निवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। शिप्रा कृष्णा विस्टा प्लाजा की लिफ्ट में आज एक मरीज के लंबे समय तक फंसे रहने की शिकायत सामने आई है। यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इसी सोसायटी की लिफ्ट में दो महिलाओं और एक बच्चे के करीब 20 मिनट तक फंसे रहने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसने लिफ्ट मेंटेनेंस और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। बताया जा रहा है कि जून 2024 में भी इसी सोसायटी की लिफ्ट में एक परिवार फ्री-फॉल जैसी स्थिति में फंस गया था, जहां लिफ्ट अचानक नीचे गिरने जैसी स्थिति में आ गई थी। उस हादसे में तीन लोग घायल हुए थे। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बावजूद सोसायटी में लिफ्ट मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों का पालन ठीक से नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश लिफ्ट अधिनियम का उल्लंघन किया गया है, इसके बावजूद सुरक्षा निदेशालय कार्यालय से लिफ्टों का रजिस्ट्रेशन करा लिया गया। जब सुरक्षा निदेशालय से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया कि अधिनियमों के उल्लंघन के बावजूद लिफ्टों का रजिस्ट्रेशन कैसे दिया गया, तो विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। इस पूरे मामले को लेकर RWA और सुरक्षा निदेशालय दोनों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से लिफ्टों की जांच, जवाबदेही तय करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## संघर्ष विराम की बातचीत के बीच भी रूस-यूक्रेन के हमले जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कीव

रूस और यूक्रेन के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में संयुक्त अरब अमीरात में संघर्ष विराम के मुद्दे पर बातचीत हो रही हैं। हालांकि संघर्ष विराम की बातचीत के बीच भी हमले जारी हैं। रूस के ड्रोन हमले में यूक्रेन की राजधानी कीव में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। कीव के शहरी सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने एक बयान जारी कर कहा कि रूसी ड्रोन के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और चार अन्य घायल हुए हैं। वहीं यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में भी रूस ने हमला किया। इस हमले में 14 लोग घायल हुए हैं।

## 'अजित पवार की एनसीपी का शरद पवार की पार्टी के साथ विलय होगा'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने शनिवार को दावा किया कि एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आएंगे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार जल्द ही महा विकास अघाड़ी गठबंधन में लौट आएंगे, क्योंकि उनका दिल अपने परिवार के साथ है। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने दावा किया कि सत्ताधारी एनसीपी का शरद पवार के नेतृत्व वाली ह्ष्ट्क्क (स्क्) में विलय हो भी गया है, क्योंकि दोनों पार्टियों ने जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में 'घड़ी' चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा। संजय राउत ने कहा, 'हालांकि अजित पवार महायुति का हिस्सा हैं, फिर भी वह महा विकास अघाड़ी से जुड़े हुए हैं। शरद पवार और अजित पवार महा विकास अघाड़ी के हिस्से के रूप में एक साथ आएंगे। अजित पवार दो नावों पर सवार नहीं हो सकते।' अजित पवार जुलाई 2024 में आठ विधायकों के साथ तत्कालीन एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे, जिसके कारण एनसीपी में फूट पड़ गई थी। अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिन्ह मिला, जबकि शरद पवार के गुट को अब एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के नाम से जाना जाता है। एनसीपी के गुटों ने इस महीने की शुरुआत में पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में नगर निगम चुनावों के लिए गठबंधन किया था और 5 फरवरी को होने वाले नागरिक निकाय चुनावों के तीसरे चरण के लिए भी गठबंधन की घोषणा की है। वे अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के घड़ी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। राउत ने आगे आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बृहन्मुंबई नगर निगम में मेयर पद को लेकर भाजपा से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व भी झुकने को तैयार नहीं है।



## 'किसी को भी हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं', राज्यपाल से विवाद पर भड़के सीएम स्टालिन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दावा किया है कि राज्यपाल आरएन रवि विधानसभा के संयुक्त सत्र में कैबिनेट द्वारा मंजूर भाषण को न पढ़कर गवर्नर पद का अपमान कर रहे हैं। शनिवार को तमिलनाडु विधानसभा में सीएम स्टालिन ने राज्यपाल की आलोचना की। हाल ही में तमिलनाडु विधानसभा के संयुक्त सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न बजाए जाने पर राज्यपाल सत्र को संबोधित किए बिना ही सदन से चले गए थे, जिसे लेकर खूब विवाद हुआ। शनिवार को इस मुद्दे पर बोलते हुए सीएम स्टालिन ने कहा, 'राज्यपाल,सरकार के खिलाफ काम कर रहे हैं। वे बार-बार एक ही मुद्दे पर आपत्ति जताकर सदन से चले जाते हैं। मेरे मन में देश और राष्ट्रगान के प्रति गहरा सम्मान है। किसी को भी हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। विधानसभा सत्र की शुरुआत में तमिल थाई वझ्राथु गाने की परंपरा रही है और सत्र के अंत में राष्ट्रगान गाया जाता है।' सीएम ने कहा, 'द्रवड़ियन मॉडल की सरकार की उपलब्धियों के चलते तमिलनाडु का सिर ऊंचा है। तमिलनाडु अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा विकसित हुआ है। इसका कारण हमारी योजनाएं हैं। एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करना डीएमके सरकार की पहचान है।' राज्यपाल को लेकर सीएम ने कहा, मैं ये संकट झेल रहा हूं, लेकिन मेरे पहले के मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुरई, एम करुणानिधि, एमजी रामचंद्रन और जे जयललिता आदि ने इस संकट को नहीं झेला था। राज्यपाल कैबिनेट द्वारा मंजूर भाषण को न पढ़कर और सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान गाए जाने की जिद करके अपने पद का अपमान कर रहे हैं। स्टालिन ने कहा, हम किसी के भी राष्ट्रवाद से घबरा नहीं रहे हैं और हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की भी जरूरत नहीं है।



## 'लोकतांत्रिक भागीदारी पर खतरा'
### अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पर जताई चिंता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास 'बहुत जल्दबाजी' में किया जा रहा है और आने वाले विधानसभा चुनावों में लोकतांत्रिक भागीदारी को खतरे में डाल सकता है।

### अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने एसआईआर पर क्या कहा?

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने (92 वर्षीय) 'पीटीआई' को बोस्टन से दिए गए साक्षात्कार में कहा कि मतदाता सूची की समीक्षा का लोकतांत्रिक महत्व होता है और इसे मतदान के अधिकार को मजबूत करने के लिए सावधानीपूर्वक और पर्याप्त समय लेकर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगाल में यह प्रक्रिया कम समय और बिना उचित तैयारी के की जा रही है। सेन ने कहा, पूरी तरह से और सावधानीपूर्वक की गई मतदाता सूची की समीक्षा एक अच्छा लोकतांत्रिक तरीका हो सकता है, लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है। अर्थशास्त्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में जन्मे नागरिकों की दस्तावेजों की चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा, मैं और मेरे जैसे कई ग्रामीण भारत में जन्मे नागरिक हैं, मेरे पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है और वोट देने के लिए मुझे अतिरिक्त कागजी कार्रवाई प्रस्तुत करनी पड़ी। हालांकि मेरे मामले का समाधान हो गया। हालांकि सेन ने उन नागरिकों को लेकर चिंता व्यक्त की जिनके पास ऐसी मदद उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके मित्रों ने सहायता की, लेकिन सभी के पास ऐसा सहारा नहीं होता।



### एसआईआर को लेकर अपने अनुभव को साझा करते हुए क्या कहा?

- अमर्त्य सेन ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया जल्दबाजी में की जा रही है।
- उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को अपना मताधिकार साबित करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल रहा है।
- उन्होंने इसे मतदाताओं के खिलाफ अन्याय और भारतीय लोकतंत्र के लिए अनुचित बताया।
- सेन ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि चुनाव अधिकारियों पर भी समय का दबाव था।
- अर्थशास्त्री ने बताया कि उनके मतदान अधिकार पर सवाल उठाने पर उन्हें अपनी मृत माता के जन्म तिथि और उम्र के बारे में पूछताछ करनी पड़ी, जबकि सभी विवरण पहले से चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में मौजूद थे।